Love All Serve All
Live And Let Live
RNI No. RAJBIL/2013/53515
डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी/403/2020-22

# महावीर प्रवाह

# MAHAVIR PRAVAH

(महावीर इन्टरनेशनल की मासिक पत्रिका)

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 28th Per Month • Year 9th, March 2022, Issue 4 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 44 • Rate: 5/-




JOSH
"THE POWER OF YOUTH"

## प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन

## 26-27 मार्च, 2022

## भीलवाड़ा

# GLIMPSES OF ACTIVITIES



कार्यक्रम अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर श्री शांतिलाल गुलेछा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए




कार्यक्रम अतिथि **Miss Deaf World 2019** विदिशा बालियान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

**International President**
**Vir Shanti K. Jain, IPS (Retd)**
president@mahavir.international

**International Secretary General**
**Vir CA Anil Jain**
sg@mahavir.international

**Editor**
**Vir Mahendra K. Chopra**
J-149, Adrash Nagar, Jaipur
Mob.: +91 9414069756
editor@mahavir.international

**Co-Editor :**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Mob. : +91 6376968501
dir.wc@mahavir.international

**Vir Sandeep Dangi**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Rakesh Jain Godika**
Mob. 9414078380
rakeshgodika@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
Saving Account No. 61085014726
IFS Code : SBIN0031033
STATE BANK OF INDIA
Branch : Tilak Nagar, Jaipur

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavir.international

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavir.international

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/miapex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263


# Contents


अध्यक्षीय एवं महासचिव संदेश ..... 04
प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन "जोश 2022" का आयोजन सम्पन्न ..... 05
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव रतलाम, उज्जैन एवं नागदा प्रवास संपन्न ..... 14
महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर-ब्यावर संभाग, संभागीय अधिवेशन रिपोर्ट, 13 मार्च, 2022 ..... 16

**रीजन-1**
नार्थ-1 संभाग ..... 18
नार्थ-2 संभाग ..... 19

**रीजन-2**
जयपुर संभाग ..... 19
सीकर-झुंझुनू संभाग ..... 22

**रीजन-3**
अजमेर संभाग ..... 23
भीलवाड़ा संभाग ..... 25
बिजयनगर-ब्यावर संभाग, चित्तौड़गढ़ संभाग ..... 27

**रीजन-4**
डूँगरपुर-बांसवाड़ा संभाग ..... 29
राजसमंद संभाग ..... 30
उदयपुर संभाग ..... 32

**रीजन-5**
बीकानेर संभाग ..... 32
जोधपुर संभाग ..... 34

**रीजन-6**
बाड़मेर-बालोतरा संभाग ..... 35
जालौर-सिरोही संभाग ..... 36

**रीजन-7**
भोपाल संभाग ..... 36
इंदौर-उज्जैन संभाग ..... 37
रतलाम-नीमच संभाग ..... 38

**रीजन-8**
औरगांबाद-अहमदनगर संभाग, गुजरात संभाग ..... 39
मुंबई संभाग ..... 40

**रीजन-9**
छत्तीसगढ़ संभाग, महाकौशल संभाग ..... 40
विदर्भ संभाग ..... 42

**रीजन-10**
आंध्रप्रदेश-ओडिशा संभाग ..... 42
तमिलनाडु-केरला संभाग ..... 42
तेलंगाना संभाग ..... 43


1. पत्रिका में समाहित सामग्री महावीर इन्टरनेशनल केन्द्रों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है।
2. पत्रिका में मुद्रित लेख आदि के लिए शीर्ष एवं संपादक मंडल का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।
3. किसी सामग्री को प्रकाशित करना या नहीं करना शीर्ष एवं संपादक मंडल के विवेकाधीन है।



**वीर शांति कुमार जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**प्रिय वीर एवं वीराओं,**
**जय महावीर।**

महावीर इंटरनेशनल के प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन -जोश 2022 में 32 केंद्रों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता करके ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया। हमें पूरा विश्वास है कि नाम के अनुरूप **"जोश 2022"** ने हमारे युवा साथियों और सभी वीर वीराओं में एक नई चेतना, उमंग और जोश जागृत हुआ होगा। इसके दूरगामी परिणाम अवश्य ही संस्था की विकास यात्रा को अप्रत्याशित गति, स्थिरता और नयापन प्रदान करेंगे। आगामी समय में इस के सकारात्मक परिणाम हमें पूरी संस्था में देखने को मिलेंगे।

प्रथम युवा अधिवेशन -जोश 2022 को सफल एवं सराहनीय बनाने में अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर संदीप जी डांगी एवं सह-निदेशक वीर अमित जी मेहता ने मेहनत, लगन एवं निष्ठा के साथ सराहनीय कार्य किया। हम उनका हृदय की गहराइयों से अभिनन्दन करते हैं। इनकी जोश टीम ने इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने में अपनी-अपनी अहम भूमिका निभाई। केंद्र अध्यक्ष युवा चित्तौड़गढ़ के वीर पवन जी पटवारी एवं डायमंड केंद्र भीलवाड़ा की चेयरपर्सन वीरा प्रीति जी बोहरा का "जोश स्मारिका" को संजोने, आकर्षक एवं पठनीय बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी का अभिनन्दन के साथ-साथ आभार प्रकट करते है। भोजन कमेटी का भी आभार प्रकट करते है जिन्होंने नाश्ता से लेकर भोजन तक का बेहतरीन मेन्यू बनाया एवं स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसकर सबका मन तृप्त किया।

अधिवेशन में पधारे सभी प्रतिभागियों का आभार प्रकट करते है जोकि इस प्रथम अधिवेशन के साक्षी बने। प्रथम दिन उद्घाटन सत्र से लेकर विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा, खेल, रंगारंग कार्यक्रम एवं रात्रि में आयोजित कवि सम्मेलन एवं द्वितीय दिन चित्तौड़गढ़ भ्रमण तक बड़े जोश के साथ सहभागिता की।

पुरे अधिवेशन कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय दिन अन्तर्राष्ट्रीय प्रेरक व्यक्तित्व के धनी श्री शांतिलाल जी गुलेच्छा एवं मिस डेफ 2019 की विजेता रही विदिशा जी बालियान का सानिध्य हमें प्राप्त हुआ जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन एवं कहानियों के माध्यम से प्रेरणा प्रदान की। हम संस्था परिवार की ओर से उनका आभार प्रकट करते है कि उन्होंने अपने व्यस्तम समय में से दो दिन का समय हमें दिया।

युवा केंद्र एवं युवा सदस्य अवार्ड के लिए बनाई गई अवार्ड कमेटी के जज के रूप में वीर निर्मल कुमार जी जैन, IAS (भीलवाड़ा) एवं वीर जस्टिस विनीत जी कोठारी (जोधपुर) का आभार प्रकट करते है। जिन्होंने मूल्यांकन कर विजेताओं के नाम घोषित करने में मदद की।

अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जी जैन, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदम जी जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-2) वीर नितिन जी अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव (रीजन-3) वीरा मंजू जी पोखरना, क्षेत्रीय सचिव (रीजन-2) वीर जाकिर अली सिद्दीकी, जोन चेयरमैन (भीलवाड़ा जोन) वीर कन्हैया लाल जी बोरदिया, जोन चेयरमैन वीर नरेंद्र जी रांका (अजमेर जोन) एवं जोन चेयरपर्सन (चित्तौड़गढ़ जोन) वीरा सरोज जी ढेलावत, जोन चेयरमैन (राजसमंद जोन) वीर राजेंद्र जी पोखरना, जोन चेयरमैन (उदयपुर जोन) वीर गौतम जी राठौड़, जोन चेयरमैन (बाड़मेर जोन) वीर गौतम चंद जी डुंगरवाल आदि गवर्निंग कौंसिल कमेटी का आभार प्रकट करते है जिनकी गरिमामय उपस्थिति ने सबका मनोबल बढ़ाया।

जोन चेयरमैन (राजसमंद जोन) वीर राजेंद्र जी पोखरना ने चित्तौड़गढ़ में अपने व्यवसाय स्थल पर सभी प्रतिभागियों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की एवं एक शानदार सम्मान समारोह किया। उनके आतिथ्य को नमन करते हुए उनका आभार प्रकट करते हैं।

हम समझते है कि जो युवा साथी इस अधिवेशन में सम्मिलित नहीं हो पाए, निश्चित रूप से वे प्रेरणा प्राप्त करने से अवश्य वंचित रहे हैं।

अंत में उन सभी का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय युवा अधिवेशन को सफल व सार्थक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

जय महावीर।




# प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन “जोश 2022” का आयोजन सम्पन्न

ऐतिहासिक राष्ट्रीय युवा अधिवेशन **“जोश-2022”** महावीर इंटरनेशनल के जीवनकाल में प्रथम बार भीलवाड़ा के तेरापंथ नगर में 26-27 मार्च को सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय अधिवेशन को सम्पन्न करवाने का जिम्मा उठाया महावीर इंटरनेशनल युवा प्रताप केंद्र भीलवाड़ा ने एवं सहयोगी बने भीलवाड़ा के वीर-वीरा केंद्र। देशभर से 300 वीर-वीराओं ने अधिवेशन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**प्रथम सत्र:**

प्रातः 8:30 से रजिस्ट्रेशन एवं अल्पाहार शुरू हुआ। उसके बाद 10:30 बजे से ढोल-बाजे के साथ अतिथियों का तिलक एवं रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया। मुख्य द्वार से अंदर आते ही सभी ने सेल्फी पॉइंट पर फोटो शूट किया। ठीक प्रातः 11 बजे अतिथियों को मंचासीन किया गया। अतिथि मिस डेफ वर्ल्ड 2019 विदिशा बालियान, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री शांति लाल गोलेछा, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन, क्षेत्रीय सचिव (रीजन-3) वीरा मंजू पोखरना, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युथ डवलपमेंट) वीर संदीप डाँगी, सह-निदेशक (युथ डवलपमेंट) वीर अमित मेहता, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदम चंद जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-2) वीर नितिन अग्रवाल, क्षेत्रीय सचिव (रीजन-2) वीर जाकिर अली सिद्दीकी, जोन चेयरमैन (भीलवाड़ा जोन) वीर कन्हैया लाल बोरदिया, जोन चेयरमैन (अजमेर जोन) वीर एन के रांका, जोन चेयरपर्सन (चित्तौड़गढ़ जोन) वीरा सरोज ढेलावत, जोन चेयरमैन (राजसमंद जोन) वीर राजेंद्र पोखरना, जोन चेयरमैन (उदयपुर जोन) वीर गौतम राठौड़, जोन चेयरमैन (बाड़मेर-बालोतरा) वीर गौतम चंद डुंगरवाल, गवर्निंग कौंसिल सदस्य वीर अमित पारीक, वीर राजेश रांका, वीर विजय प्रकाश पीपाड़ा, वीरा पुष्पा मेहता, विशेष आमंत्रित गवर्निंग कौंसिल सदस्य वीर निर्मल कुमार जैन, वीरा एकता ओस्तवाल आदि द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया एवं प्रार्थना के साथ अधिवेशन की शुरुआत की गयी।

इसके बाद गणेश वंदना नृत्य के माध्यम से डिंपल सेन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

अतिथियों एवं पदाधिकारियों का मेवाड़ी साफा व माला से सम्मान किया गया। नया शुरू किया गया केंद्र महावीर इंटरनेशनल क्वींस की नवनियुक्त चेयरपर्सन वीरा मोनिका लोढ़ा एवं सचिव वीरा किरण बाफना का एवं नए बने MIF सदस्य अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-2) वीर नितिन अग्रवाल, ब्यावर केंद्र अध्यक्ष वीर दीप चंद कोठारी, गवर्निंग कौंसिल मेंबर (अजमेर संभाग) वीर मनोहर लाल ईनाणी का सम्मान किया गया। अन्य रीजन एवं जोन तथा गवर्निंग कौंसिल सदस्यों का सम्मान किया गया। स्मारिका के संपादन के लिए वीर पवन जैन पटवारी का सम्मान किया गया।













महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा की चेयरपर्सन वीरा चन्द्रा रांका एवं पारस देवी जी मेहता द्वारा सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति अपेक्षा पामेचा द्वारा प्रस्तुत की गयी।







सह निदेशक (युवा विकास) एवं महावीर इंटरनेशनल युवा प्रताप केंद्र भीलवाड़ा के अध्यक्ष वीर अमित मेहता ने सभी का अधिवेशन में स्वागत करते हुए कहा कि 2019 में युवा प्रताप केंद्र की स्थापना से 2022 के इस अल्प समय में अपने सेवा कार्यों और विशेषकर कोरोना काल मे केंद्र द्वारा किये कार्यों से अवगत कराया और जानकारी दी कि ऐसे विकट समय मे भी सेवा कार्यों को बखूबी किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केंद्रित हैं और यही विश्वास हमारी संस्था के




अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जी जैन और अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जी जैन का हैं जो कि युवाओं को संस्था में आगे लाकर उनको जिम्मेदारी देकर विश्वास दिलाने का प्रयत्न करके बता रहे हैं कि भविष्य में संस्था आपके हाथों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि युवा देश और संस्था के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान प्रदान करे न कि केवल उसका हिस्सा बनकर रह जाये। युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें जिम्मेदार नागरिक के गुण और समाज सेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से यह युवा अधिवेशन का आयोजन किया गया हैं। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि संस्था के वरिष्ठ सदस्यों का समय-समय पर उचित मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती रहे तो भविष्य में हम युवा संस्था को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाना में सक्षम हो सकेंगें।

अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युथ डवलपमेंट) वीर संदीप डांगी ने सभा को संबोधित करते हुए युथ डवलपमेंट के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि समय करवट बदल रहा हैं। हमारे कई सदस्यों ने अपनी सदस्यता जब ली थी तब वह युवा या प्रौढ़ वय के थे। सेवा के यज्ञ में उन्होंने अपने तन मन धन से आहुति




दी लेकिन वही सदस्य आज बुजुर्ग की श्रेणी में आ चुके हैं। आज संस्था के सदस्यों की औसत उम्र 60 से ऊपर हैं। यह चिंता का विषय हैं हमें संस्था में युवाओं की संख्या को बढ़ाना होगा और इसके लिए संस्था का हर वर्ग अधिक से अधिक युवा शक्ति को जोड़कर उन को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करना होगा साथ ही युवाओं को जोड़ने के लिए संस्था की सोच के साथ साथ हमारे सम्पूर्ण काम काज में क्रांतिकारी बदलाव लाने पड़ेंगे।

इसके बाद अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा स्मारिका **"जोश-2022"** का विमोचन किया गया। विमोचन के बाद सभी को स्मारिका वितरित की गयी। इस स्मारिका के संपादन, संजोने, आकर्षक एवं पठनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही महावीर इंटरनेशनल युवा केन्द्र, चित्तौड़गढ़ के वीर पवन पटवारी






एवं डायमंड केंद्र भीलवाडा की चेयरपर्सन वीरा प्रीति बोहरा की। उनके इस प्रयास की सभी ने सराहना की।

अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन ने युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि आने वाले 15 वर्षो में इस संस्था का विजन तैयार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सेवा कार्यों में टेक्नोलॉजी के महत्व को समझाया। समाज सेवा में युवाओं को सजग करने के साथ उनके नए विचार, ऊर्जा, शक्ति को अपनाने एवं युवाओं को जोड़ने के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया।



उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी संस्था के विकास और विस्तार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए युवा विकास विभाग के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर संदीप जी डांगी एवं सह निदेशक वीर अमित जी मेहता को एक वृहद स्तर पर राष्ट्रीय यूथ अधिवेशन आयोजित करने का कार्यभार दिया गया हैं। मुझे खुशी हैं कि इन्होंने इतने अल्प समय में बहुत ही शानदार एवं सार्थक आयोजन का प्रबंध कर इस आयोजन को सार्थक किया।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में युवाओं को संबोधित करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं को अपनी जिम्मेदारी कैसे निभानी चाहिए इस बारे में टिप्स दिए तथा भविष्य युवाओ के



हाथों में हैं, मार्गदर्शन प्रदान किया। युवा पीढ़ी सकारात्मक सोच के साथ समाज सेवा में कैसे अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि संस्था का आने वाला भविष्य हमारी युवा पीढ़ी की सोच और उनके प्रदर्शन पर निर्भर करता हैं। युवा पीढ़ी में कुछ कर दिखाने के जोश की कोई कमी नहीं होती हैं। वे अपने हौसले और जूनून को सही मार्ग पर ले जाए तो एक सकारात्मक समाज की रचना कर सकते हैं। युवा पीढ़ी निडरता और हिम्मत के साथ हर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का दृढ़ विश्वास रखती हैं। वह अपने नवीन विचारों को निडरता के साथ सबके समक्ष रखते हुए समाज के हर क्षेत्र में अपना भरपूर योगदान दे सकते हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली संस्था की



क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपनी जिम्मेदारी समझे और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका में रह कर कार्य करे। युवा समाज की धुरी हैं और संस्था के विकास में अहम भूमिका युवाओं के कंधों पर ही हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन ने इस अधिवेशन के आयोजन हेतु सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से युवाओं को संस्था में जिम्मेदारी लेते हुए आगे आना चाहिए। सभी पदाधिकारियों को आग्रह किया कि यदि केंद्र का बैंक खाता नहीं खोला



गया हैं तो इस पर कार्यवाही कर केंद्र का खाता अवश्य खुलवाएं ताकि केंद्र को आर्थिक सहायता देने में दिक्कत नहीं हो।

मिस डेफ वर्ड 2019 मिस विदिशा बालियान ने बताया कि कैसे वे श्रवण शक्ति न होते हुए भी मिस डेफ वर्ड 2019 का




खिताब हासिल किया। उनकी मिस डेफ वर्ल्ड बनने की यात्रा वास्तव में प्रेरणादायी रही।

**युवा और समाज सेवा, कैसे और क्यों?** विषय पर परिचर्चा का संचालन अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन के नेतृत्व में हुई। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार रखे।



परिचर्चा के मुख्य बिंदु रहे युवा वर्ग की सोच और ऊर्जा का तभी सही उपयोग हो सकता हैं, जब उनके पास रचनात्मकता और स्वप्न से भरे कार्यक्रम के लिए स्पेस हो। यदि युवा कुछ विकल्प लेकर सामने आता हैं, तो उन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उसे प्रेरित करने की जरूरत हैं। युवाओं द्वारा दिए गए सुझावों पर विश्वास करें और उसे प्रेरित करते रहें। युवा वर्ग का रचनात्मकता कार्यो से जुड़ाव अतिआवश्यक हैं। अत: रचनात्मक कार्यों से जोड़े रखने के लिए अपेक्स स्तर पर युवा रचनात्मकता इकाई गठित करने की आवश्यकता हैं। साथ ही प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के सम्मेलन और प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए। युवा वर्ग को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन मिलते रहना चाहिए। युवाओं की रचनात्मक कार्यों के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करने चाहिए। विभिन्न कार्यक्रमों में युवा वर्ग को आमंत्रित करना चाहिए, ताकि युवा वर्ग भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सके। इससे युवाओं को उचित मंच भी मिल सकेगा। युवा केंद्रों पर विचार गोष्ठियों और कार्यशालाओं का नियमित आयोजन होना चाहिए।

परिचर्चा के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युवा विकास) वीर संदीप डांगी ने युवा



केंद्रों के मध्य क्रिकेट मैच करवाने का सुझाव रखा। जिसे अपेक्स पदाधिकारयों ने स्वीकृति प्रदान करते हुए वीर डांगी को इसकी रूपरेखा बनाकर मूर्त रूप देने हेतु सहमति दी।

इसके पश्चात् समाज सेवा और सोशल मीडिया के उपयोग पर वीरा श्रेया जैन ने सारगर्भित चर्चा की।



**द्वितीय सत्रः**

लंच उपरांत विशिष्ठ आमंत्रित अतिथि सुमन सोनी द्वारा विभिन्न खेल, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता के माध्यम से सबका मनोरंजन किया। सभा में बैठे सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे सभा में हर्ष, उमंग एवं उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम पश्चात् उनका सम्मान किया।




इसके पश्चात् सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं में अपनी जबरदस्त पहचान बना चुके कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री शांति लाल गोलेछा ने छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से युवाओं के लिए प्रेरणादायक उद्बोधन दिया एवं खुश रहने के तरीके की सुंदर विवेचना की।



इसके बाद अवार्ड प्रदान किये गए जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्यो को करने पर सर्वश्रेष्ठ युवा केन्द्र का प्रथम अवार्ड महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर, द्वितीय अवार्ड महावीर इंटरनेशनल युवा प्रताप भीलवाड़ा एवं महावीर इंटरनेशनल आमेट केंद्र को प्रदान किया गया।



राष्ट्रीय युवा गौरव का प्रथम अवार्ड महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र के सचिव



वीर सीए आयुष जैन, द्वितीय अवार्ड महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र के सचिव वीर विजयराज जैन, तृतीय अवार्ड महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र के अध्यक्ष वीर राजेश रांका को दिया गया। अवार्ड कमेटी के जज के रूप में निर्मल कुमार जैन, IAS (भीलवाड़ा) एवं वीर जस्टिस विनीत जी कोठारी (जोधपुर) का विशेष सहयोग रहा।

इसके बाद अधिवेशन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले महावीर इंटरनेशनल युवा प्रताप केंद्र के सदस्यों का सम्मान किया गया। प्रथम सत्र के मंच संचालन हेतु वीर नवीन चोरड़िया (कांकरोली) एवं द्वितीय सत्र के मंच संचालन हेतु वीर नीलेश बुरड़ (ब्यावर) का सम्मान किया गया। अपेक्स कार्यालय के श्री



अशोक गुप्ता एवं श्री प्रकाश पालीवाल का सम्मान किया गया अंत में इस अधिवेशन को मूर्त रूप देने वाले अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युवा विकास) वीर संदीप डांगी एवं उनकी धर्मपत्नी तथा सह निदेशक (युवा विकास) वीर अमित मेहता को माता-पिता, धर्मपत्नी एवं बच्चों के साथ सम्मान करते हुए प्रशस्ति-पत्र भेंट किये गए।

**तृतीय सत्रः**

रात्रि भोजन के पश्चात् कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय कवि सिद्धार्थ देवल, संपत सुरीला और कानू पंडित ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं के मन को मोह लिया। अंत में महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र कोटा के चेयरमैन वीर अंकित जैन ने



"माँ" पर ऐसी कविता सुनाई जो दिल की गहराइयों को छू गयी।

### द्वितीय दिन 27 मार्च

द्वितीय दिन अल्पाहार लेकर प्रात: 9 बजे भीलवाड़ा से चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुए। जोन चेयरमैन (राजसमंद जोन) वीर राजेंद्र पोखरना ने चित्तौड़गढ़ में अपने व्यवसाय स्थल पर सभी का शानदार स्वागत व सम्मान किया। सभी प्रतिभागियों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की। आभार एवं अभिनन्दन के बाद सभी प्रतिभागी चित्तौड़गढ़ फोर्ट पहुंचे। विजय स्तम्भ पर श्री शांति लाल जी गोलेछा द्वारा महाराणा प्रताप की गाथा पर वीडियों शूट किया। चित्तौड़गढ़ फोर्ट के भ्रमण में अतिथि श्री शांति लाल जी गोलेछा, विदिशा बालियान, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युवा विकास) वीर संदीप डांगी, क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना, सह निदेशक (युवा विकास) वीर अमित मेहता, गवर्निंग कौंसिल सदस्य वीर राजेश रांका, वीर अमित पारीक, वीर पवन जैन पटवारी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही! विजय स्तम्भ पर श्री शांति लाल जी गोलेछा द्वारा महाराणा प्रताप की गाथा पर वीडियों शूट किया। चित्तौड़गढ़ फोर्ट के भ्रमण में अतिथि श्री शांति लाल जी गोलेछा, विदिशा बालियान, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युवा विकास) वीर संदीप डांगी, क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना, सह निदेशक (युवा विकास) वीर अमित मेहता, गवर्निंग कौंसिल सदस्य वीर राजेश रांका, वीर अमित पारीक, वीर पवन जैन पटवारी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। उसके बाद महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र द्वारा संचालित नेत्र अस्पताल का अवलोकन किया गया। चित्तौड़गढ़ में लंच पश्चात् भीलवाड़ा पहुंचे और सभी पुन: मिलने के वायदे के साथ प्रस्थान किये।

अधिवेशन के सफल आयोजन में महावीर इंटरनेशनल भीलवाड़ा केंद्र, मीरा केंद्र, कनक केंद्र, और युवा प्रताप केंद्र एवं वीर अशोक



पोखरना, वीरा मंजू खटवड, वीरा चंद्रा रांका, वीरा पुष्पा मेहता, वीर चंद्रप्रकाश शर्मा, वीर उमेश तोषनीवाल, वीर दिनेश मेहता, वीर हेमंत आंचलिया, वीर प्रशांत शाह, वीर आशीष चौधरी, वीर देवेंद्र द्विवेदी, वीर अनमोल मेहता, वीर आदित्य पोखरना, वीर महावीर शर्मा, वीर नवीन बोहरा, वीर विनीत जैन, वीर सिद्धार्थ बापना, वीर प्रदीप पारख, वीर सुमित खंडेलवाल, वीर अशोक बुरड़, जोन सचिव वीरा अर्चना सोनी, वीरा मंजू बापना, वीरा निशा सोनी, वीरा एकता ओस्तवाल, वीरा दीपा सिशोदिया, वीरा अंजली हिम्मतरामका आदि का विशेष सहयोग रहा।

इस अधिवेशन में देश के प्रसिद्ध प्रेरक व्यक्तियों से रूबरू होने एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। निश्चित रूप से अधिवेशन सभी के व्यक्तित्व में अधिक निखार लायेगा और सामाजिक जीवन को और अधिक सफल बनाएगा। नि:स्वार्थ सेवा एवं टीम भावना को विकसित करते हुए ऐसे उत्कृष्ट समाजोपयोगी कार्य को हाथ में लेने एवं इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोगी बनेगा जो पीड़ित मानवता की सेवा को बेहतर करने की ओर अग्रसर करेगा।

इस शानदार आयोजन को मूर्त रूप देने में अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (युवा विकास) वीर संदीप डांगी, सह-निदेशक (युवा विकास) वीर अमित मेहता एवं युथ डेवलपमेंट की पूरी टीम ने सफल, शानदार एवं सार्थक बनाकर अपनी-अपनी भूमिका का बखूबी निष्पादन किया।






# GLIMPSES OF JOSH-2022 NATIONAL YOUTH CONVENTION
















# GLIMPSES OF JOSH-2022 NATIONAL YOUTH CONVENTION






























# GLIMPSES OF JOSH-2022 NATIONAL YOUTH CONVENTION





























# GLIMPSES OF JOSH-2022 NATIONAL YOUTH CONVENTION

























# अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जी जैन का रतलाम, उज्जैन एवं नागदा प्रवास संपन्न

अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जी जैन अपनी दो दिवसीय (20-21 मार्च) यात्रा पर रीजन-7 के 2 जोन (रतलाम-नीमच) एवं (इंदौर-उज्जैन) के प्रवास पर पधारे। सर्वप्रथम अनिल जी जैन ने रतलाम शहर मे सेंटर के गठन के लिए संपर्क किया व इस सम्बंध में होटल समता सागर मे आयोजित मीटिंग में भाग लिया तथा अपेक्स द्वारा निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी दी एवं नए केंद्र का मार्ग प्रशस्त किया। तत्पश्चात अनिल जी जैन नागेश्वर जैन तीर्थ पहुंचे दर्शन करने के पश्चात उज्जैन पधारे, उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए।

द्वितीय दिन प्रात: उन्होंने महावीर इंटरनेशनल केंद्र उज्जैन द्वारा संचालित प्रकल्प महावीर भोजनशाला का निरीक्षण किया व भोजनशाला के विकास व विस्तार के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया तथा भोजनशाला में स्वयं ने परोसगारी भी की। भोजनशाला विजिट के बाद महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र के वीर-वीराओं की मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें टारगेट लेकर चलना होगा। एक मिशन लेकर चलना होगा, समाज में क्या जरूरत हैं इसको लक्षित करना होगा नाकि परंपरागत सहयोग के कार्य करें कुछ नए कार्य भी हाथ में लेवें, साथ ही ये भी देखे कि सामने वाले को जरूरत भी हैं या नही, सिर्फ कार्य करना ही हैं ये न सोचें, आपके कार्य से समाज को कुछ मिले ये सोच रख कर नए प्रोजेक्ट हाथ में लेवें। वीर अनिल जैन का सम्मान मोतीमाला व पगड़ी तथा शॉल पहनाकर किया गया, तथा मोमेंटो प्रदान कर मात्र शक्ति द्वारा साहित्य भेट किया गया। कार्यक्रम के पश्चात् उज्जैन के समाचार पत्रों के संवाददाताओं से चर्चा की व महावीर इंटरनेशनल के बारे मे विस्तार से जानकारी प्रदान की। अनिल जी जैन स्थानीय केंद्र द्वारा संचालित भोजनशाला के गौरवशाली प्रकल्प के बारे में भी संपूर्ण समाज एवं देशभर के लिए


















प्रेस के माध्यम से प्रेरणा प्रदान की।

मुख्य अतिथि वीर अनिल जी जैन का परिचय एवं कार्यक्रम संचालन उज्जैन केन्द्र अध्यक्ष वीर सुनील जैन दोशी ने किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष वीर राजेंद्र हिंगड़ पूर्व जोन अध्यक्ष वीर राजेंद्र सिरोलिया, वीर प्रकाश सेठिया, सचिव वीर संजय जैन, उपाध्यक्ष वीर मनोहर सिंह मेहता, कोषाध्यक्ष वीर गोविंद तोतला, जनसंपर्क अधिकारी रमणलाल सोनी, पूर्व अध्यक्ष वीर श्रेणिक लूणावत, वीर भागमल जैन, वीर सतीश जैन, वीर दिलीप जैन, वीर अशोक चौहान, वीर मनोज जैन, गवर्निंग कौंसिल सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर अशोक भंडारी तथा महावीर इंटरनेशनल वीरा से संस्थापक अध्यक्ष वीरा उर्मिला भंडारी, उपाध्याक्ष वीरा कांता बाठिया, सचिव वीरा प्रमिला कटारिया, वीरा प्रेमलता सिरोलिया, वीरा लक्ष्मी दोशी आदि उपस्थित थे।

सांयकाल अनिलजी जैन ने नागदा में आयोजित केन्द्र के शपथ ग्रहण समारोह एवं कोरोना योद्धाओं के सम्मान के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, तथा उन्होंने कोरोना काल में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मवीरों का सम्मान किया तथा नवीन कार्यकारणी को शपथ दिलाई साथ ही उनका प्रेरक मार्गदर्शन के साथ-साथ महावीर इंटरनेशनल का परिचय एवं कार्यविधि का वर्णन किया।

संपूर्ण प्रवास में आपके साथ गवर्निंग कौंसिल मेंबर व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर अशोक भंडारी, उज्जैन तथा इंदौर-उज्जैन जोन के जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र हिंगड़ उपस्थित रहे। इस प्रकार रीजन 7 के दो जोन में आपका महत्वपूर्ण सफल प्रवास संपन्न हुआ।

















# महावीर इंटरनेशनल बिजयनगर-ब्यावर संभाग संभागीय अधिवेशन रिपोर्ट 13 मार्च, 2022




पूरे भारत वर्ष में कोरोना काल के पश्चात् प्रथम संभागीय अधिवेशन दिनांक 13 मार्च, 2022 रविवार को ब्यावर में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम 3 सत्रों में विभाजित किया गया, प्रथम सत्र में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संभागीय अध्यक्ष वीर विनोद चोरड़िया द्वारा घोषणा कर की गई इसके पश्चात भगवान महावीर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वल एवं प्रार्थना से प्रारम्भ हुआ कार्यक्रम के आरम्भ में बिजयनगर ब्यावर जोन के चेयरमैन वीर विनोद चोरड़िया ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जी जैन, विशिष्ट अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदम जी जैन, क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू जी पोखरना एवं सभी अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। स्वागत के पश्चात बिजयनगर ब्यावर के जोन सचिव वीर सुशील छाजेड़ ने जोन के सभी केन्द्रों द्वारा कार्यो का संक्षिप्त विवरण प्रकल्प वाईज बताया गया। इस प्रकार कुल 11 माह का खर्च 53 लाख 20 हजार हुआ। सेवा कार्य में ओर तेजी लाने के प्रयास किये जा रहे हैं तथा शीघ्र ही ब्यावर जोन में 4 नये केन्द्र, रास, ब्यावर, जवाजा तथा भीम क्षेत्र में खोलने के पूरे प्रयास जारी हैं। ब्यावर में मेडिसन बैंक की स्थापना की जायेगी जिनके माध्यम से गरीब व असहाय को दवा बिल्कुल नि:शुल्क प्रदान की जायेगी तथा आमजन के पास अनुपयोगी दवा हैं उसे एकत्रित किया जायेगा। अगले वर्ष तक पूरे जोन में 100 नये सदस्य बनाने के प्रयास किये जायेंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि वीर पदमचन्द जी जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते












हुए बताया कि इस क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा केन्द्र नये बनाये जाए तथा हर केन्द्र में 5 सदस्य नये बनाये जाए तथा जोन द्वारा किये अधिवेशन के लिए जोन चेयरमैन एवं जोन सचिव को धन्यवाद दिया तथा अधिवेशन आयोजक के रूप में महावीर इन्टरनेशनल मेन व युवा को बहुत-बहुत बधाई दी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वीरा मंजु पोखरना ने कार्यक्रम में वीरा की अधिकतम उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। 26-27 मार्च को होने वाले युवा अधिवेशन भीलवाड़ा में पधारने के लिए निवेदन किया गया। अंत में कार्यक्रम की बहुत-बहुत प्रशंसा की।

प्रथम सत्र के अंत में मुख्य अतिथि वीर सुधीरजी जैन का उद्बोधन हुआ, मुख्य अतिथि ने बताया कि गांवों व कस्बों के केन्द्र में कार्य कम हुआ हैं। इसके लिये आपको गांवो में जाकर केन्द्रों को जगाना होगा तथा अधिक से अधिक कार्य केन्द्रों के साथ मिलकर करे ताकि इनमें भी सेवा कार्य हो सकेगा अत: जोन अधिवेशन का सार्थक होना बताया एवं सेवा कार्य की काफी प्रशंसा की।

इस अधिवेशन का द्वितीय सत्र सायं 5 बजे से आरम्भ हुआ इस सत्र में ब्यावर से श्री सीमेन्ट परिसर में गये वहां श्री सीमेन्ट परिसर में बालाजी के मंदिर के दर्शन किये गये तथा वहां पर महावीर इन्टरनेशनल ब्यावर के सदस्य वीर संजय मेहता द्वारा सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई जो एक पिकनिक के रूप में किया गया।

अधिवेशन का तीसरा सत्र सायं 6 बजे से प्रारम्भ हुआ इस सत्र में सभी अथितियों के मंचासीन के पश्चात् जोन के केन्द्रों के द्वारा किये गये कार्य का प्रतिवेदन किया गया। प्रतिवेदन के पश्चात मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीरजी जैन, विशिष्ट अतिथि वीर पदमचन्दजी जैन, वीरा मंजुजी पोखरना, सह युवा निदेशक वीर अमित मेहता को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदमचंद जैन ने रिजन 3 के उत्कृष्ठ कार्यो के लिए जोन चेयरमैन वीर विनोद चोरड़िया तथा केन्द्र वृद्धि के लिए रिजन-3 की क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना को अपेक्स की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया सर्वश्रेष्ठ केन्द्र चेयरमैन के लिये बिजयनगर केन्द्र से वीर ज्ञानचन्दजी सिंघवी, सर्वश्रेष्ठ केन्द्र सचिव वीर नीलेश बुरड़, सर्वश्रेष्ठ केन्द्र बिजयनगर केन्द्र, सर्वश्रेष्ठ वीरा केन्द्र त्रिशला वीरा केन्द्र, सर्वश्रेष्ठ युवा केन्द्र युवा केन्द्र ब्यावर, सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि हेतु गुलाबपुरा केन्द्र, सर्वश्रेष्ठ प्रतिवेदन हेतु सचिव युवा केन्द्र, जल सेवा हेतु गुलाबपुरा केन्द्र, महिला सशक्तिकरण हेतु बिजयनगर केन्द्र, वृक्षारोपण में मेन ब्यावर केन्द्र, द्वितीय युवा ब्यावर केन्द्र, चाईल्ड बेबी केयर किट वितरण में चन्दनबाला आसीन्द केन्द्र, चिकित्सा केन्द्र में प्रथम त्रिशला वीरा केन्द्र, रक्तदान में प्रथम बिजयनगर युवा, आसीन्द केन्द्र, स्थाई प्रकल्पों में उत्कृष्ठ निष्पादन प्रथम वीर गोपीचन्दजी चोरड़िया, द्वितीय वीर मदनलालजी बालदी, सेवा कार्यो में उत्कृष्ठ सेवा केन्द्र प्रथम वीरा मंजूदेवी गुलाबपुरा, राधिका ब्यावर, आगुच्छा केन्द्र, शारदा बदनोर, सेवा कार्य में विशेष सहयोग एवं मार्ग दर्शक के लिए वीर डॉ. बी. सी. सोढ़ी, वीर ज्ञानचन्द कोठारी, वीर ज्ञानचन्द सांखला, वीर दीपचन्द कोठारी, वीर राजेश, वीर अनुज आदि को पुरूस्कार वितरित की गये।

पुरस्कार के पश्चात राष्ट्रीय गान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी पधारे हुए अतिथिगण एवं सभी वीर-वीरा का सामुहिक भोज का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सांस्कृतिक प्रोग्राम में व फाग महोत्सव का कार्यक्रम भी किया। अंत में जोन सचिव वीर सुशील छाजेड़ ने सभी आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

# रीजन-1

## नार्थ -1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र निःशुल्क नेत्र व सामान्य जांच शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच कैल्शियम ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन, फेफडों की जांच व रियायती दर पर थायराईड की जांच शिविर आयोजित



**जांच शिविर कार्यक्रम**

किया गया। शिविर में 178 मरीजों की नेत्र की जांच कर मोतियाबिन्द के 31 मरीजों को चिन्हित किया गया। जिनके लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन निःशुल्क किए गए। लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा किये गए तथा कैल्शियम की 62, ब्लड शुगर की 40, हिमोग्लोबिन की 43 व फेफडों की 18 मरीजों की जांच की गयी तथा रियायती दर पर थायराईड के 22 मरीजों की जांच की गई। केंद्र द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया। इस शिविर में 52 महिलाओं की निःशुल्क जांच की गयी व निःशुल्क परामर्श भी दिया गया। इन विभिन्न अवसरों पर वीर डॉ. सुरेन्द्र जैन, वीर जिनेन्द्र जैन, वीर सूर्यकान्त भारद्वाज, वीर हेमन्त मोदी, वीर दिनेश कुमार तिवाडी, वीर सुनील जैन, शालिनी कालरा, पारूल गुप्ता मौजूद रहे।

### महावीर इंटरनेशनल दिल्ली (दिल्ली) विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र** द्वारा मार्च माह में "मिशन संजीवनी" कार्यक्रम के अंतर्गत बदरपुर हॉस्पिटल में 100 लोगों को निःशुल्क कोरोना वेक्सिनेशन लगायी गयी। केंद्र की वीरा विजन द्वारा गरीब एवं निराश्रित बच्चों को 100 गर्म बेबी किट एवं महिलाओं को 800 सैनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। "सबको भोजन" कार्यक्रम के अंतर्गत सेफएक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से अल्जाइमर व्यक्तियों और मानसिक रूप से मंद बच्चों के लिए 9 दिन विशेष भोजन की व्यवस्था की गयी जिसमें 1368 लाभान्वित हुए तथा तमिल फेडरेशन ऑफ रीयूनियन आइलैंड (MLI) के सौजन्य से विभिन्न जगहों के शेल्टर होम्स पर 495 भोजन के पैकेट वितरित किये गए। केंद्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर के अंतर्गत कुल 23 शिविर लगाए गए जिसमें 5 पोषण शिविर, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर 6 दिल्ली में, 12 शिविर दिल्ली से बाहर महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़, शिवगंज सुमेरपुर केंद्र, जयपुर जोन एवं महावीर इंटरनेशनल कोटा के साथ मिलकर आयोजित किये गए। इन शिविरों में 7141 लोगों का परिक्षण किया गया एवं 495 भोजन पैकेट्स वितरित किये गए। केंद्र के तीन अस्पताल में एवं शिविरों में निम्न प्रकार लाभान्वित हुए: नेत्र जांच - 4458, सामान्य जांच: 13019, एमआरआई/सीटी स्केन: 278, लैब जांच: 687



**निःशुल्क नेत्र व सामान्य जांच शिविर**

### महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र रक्तदान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र** द्वारा फाउंडेशन अगेंस्ट थेलेसिमिया के बच्चों के



**रक्तदान शिविर**

लिए रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें रक्तदाताओं को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया। शिविर में 65 यूनिट्स रक्त प्राप्त हुआ। शिविर में केंद्र के पदाधिकारियों सहित सदस्य उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र वृद्धाश्रम सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र** द्वारा वृद्धाश्रम में 20 किलो आटा, 5 किलो चावल, 5 किलो चीनी, 2 किलो



**खाद्य सामग्री वितरित करते हुए**

सभी दालें (चना, मूंग, साबुत चना), 1 किलो (चाय पत्ती, सूजी, राजमा, दलिया, दूध पाउडर, मूंग, चिल्का) डायपर, डेटॉल,

वाशिंग पाउडर आदि वितरित किये गए। यह सेवा कार्य अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रीजन-1) वीरा हेमा जैन, वीरा मंजू मनचंदा, वीरा निधि जैन, वीरा मीना जैन, वीरा विनीता शर्मा, वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा रिनू मोदी के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा निधि जैन, सचिव वीरा सरोज सालगिया वीरा मंजू मनचंदा, वीरा मीना जैन, वीरा रिनू मोदी आदि उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र, अलवर
## राशन सामग्री सेवा कार्यक्रम



राशन सामग्री सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र** अलवर द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रतिमाह दिए जाने वाले 10 राशन किट वितरित किये गए।

## महावीर इंटरनेशनल उर्वीजा वीरा केंद्र दिल्ली
## सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उर्वीजा वीरा केंद्र** दिल्ली द्वारा 9 मार्च को भीम राव सिविल अस्पताल नोएडा में 50 बेबी किट, 40 बेबी



बेबी किट वितरित करते हुए

कंबल, सैनिटरी नैपकिन के 50 पैकेट और 20 किलो काला चना दाल वितरित किये गए। इस अवसर पर केंद्र की वीरायें उपस्थित रही।

# नार्थ-2 संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अंबाला केंद्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अंबाला केंद्र** द्वारा चार स्कूलों के 14 जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया हुआ हैं। जिसकी छात्रवृत्ति कुल राशि रु. 99,925/- जिसमे से शेष राशि रू. 45625/- चेक द्वारा दी गयी। इस अवसर पर जोन



विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति

चेयरमैन वीर जितेश जैन, वीरा जॉली जैन, वीरा मंजू जैन, वीर सुनील जैन, वीर विनोद जैन और वीर ललित जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र विकलांग सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लुधियाना केंद्र** द्वारा 7 मार्च को अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। 12 विकलांग व्यक्तियों को अंग और श्रवण यंत्र दिए गए।



विकलांग सेवा कार्यक्रम

# रीजन-2

# जयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल देवली केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल देवली केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम किये गए। केंद्र द्वारा बेबी किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकीय चिकित्सालय देवली में 16 नवजात शिशु के परिजनों को बेबी किट वितरण किया गया। बेबी किट में मुख्यत: वाटरप्रूफ बिछोना, बेबी के लिए ओढ़नी, एक टोपा, तीन जोड़ी पहनने के वस्त्र होते हैं।




बेबी किट वितरित करते हुए

कार्यक्रम का उद्देश्य संक्रमण की रोकथाम एवं नवजात शिशु में साफ सफाई की देखरेख का मुख्य उद्देश्य है। केंद्र गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनवाड़

मे 176, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली में 750 व राजकीय उच्च माध्यमिक चांदली में 127 सैनिटरी नैपकिन्स बालिकाओं को वितरित किये गए। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के अध्यक्ष वीर बाबूलाल जैन, उपाध्यक्ष वीर महावीर जैन, सचिव वीर सत्यनारायण गुप्ता जैन, सदस्य वीर दिनेश जैन, वीर नरेंद्र बड़जात्या, वीर आशीष एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न

**महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के सहयोग से 15 नि:शुल्क



सामान्य जांच शिवर आयोजन

नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर जिला बारां के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों के प्रायोजक रिट्स लिमिटेड, गुरुग्राम (हरियाणा) है। ग्राम बटावदा में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायत के उप सरपंच श्री मनोज मीणा, महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के चेयरमैन वीर के. नारायण व मेडिकल ऑफिसर वीर डॉ. रविंद्र सिंह भाटिया रहे। जयपुर संभाग के जोन चेयरमैन वीर राजेन्द्र जैन ताथेडिया, जोन सचिव वीर रविंद्र यादव, वीर राजकुमार जैन, वीर नरेश पांड्या, वीर अंकित जैन, वीर पराग जैन का विशेष सहयोग रहा। शिविर में सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाई जांच चश्मा वितरण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल निवाई केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल निवाई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर गरिमा प्रोजेक्ट के तहत



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में 1150 पैकेट्स सैनिटरी नैपकिन्स के वितरित किए गए। केंद्र के अध्यक्ष वीर हुकम चंद जैन के वैवाहिक वर्षगांठ पर मूक बधिर विद्यालय में योग्यजन छात्र छात्राओं को स्पोर्ट्स आइटम एवं अल्पाहार भेंट किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रम में जैन समाज के मंत्री श्री महावीर प्रसाद जैन, मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकेश विजय, अतिथि डॉक्टर कृष्णा गुर्जर जी, विशिष्ट अतिथि श्री कमलेश पारीक, पूर्व पार्षद निवाई एवं केंद्र अध्यक्ष वीर हुकम चंद जैन, केंद्र सचिव वीर अशोक जैन, वीर महेंद्र कुमार जैन, वीर सीताराम शर्मा, प्रधानाचार्य एवं डायरेक्टर योगेश मूकबधिर शोध संस्थान, लायन वीर ज्ञानचंद जैन, सचिव लायंस क्लब वीर गोविंद शर्मा, अपेक्स प्रतिनिधि एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र भोजन वितरण सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र** द्वारा श्री जैन श्वेतांबर तपागच्छ संघ जयपुर व पशु पालन विभाग जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी को शील की डूंगरी, शीतला माता का मंदिर, ग्राम चाकसू में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 810 गाय-भैंस (बड़े पशु) तथा 1025 छोटे पशु जिनमें भेड़, बकरी तथा कुत्ते आदि थे का वेक्सिनेशन तथा इलाज किया गया। शिविर



सामग्री वितरित करते हुए

में लगभग 12 पशुओं की शल्य चिकित्सा की गई। साथ ही केंद्र की सदस्या वीरा माया बोथरा के द्वारा चाकसू वृद्धाश्रम में निम्न खाद्य सामग्री भेंट की गयीं। आटा 50 किलो, तेल का पीपा 1, चावल 10 किलो, गुड़ 5 किलो, चीनी 20 किलो, मूंग दाल 5 किलो वितरित किये गए। सभी वृद्धों को अल्पाहार करवाया गया। इन विभिन्न अवसरों पर शिविर में वीर राजीव अग्रवाल, वीर दिनेश मोहनोत, वीर धनकुमार कोठारी, वीर सुनील अग्रवाल, वीर विमल अग्रवाल तथा वीरा माया जी बोथरा ने अपनी सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल यूथ कोटा केंद्र भोजन सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल यूथ कोटा केंद्र** द्वारा 18 फरवरी को सचिव वीर अंकुर नागर




भोजन वितरित करते हुए

की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद नगर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन करवाया गया। इस शुभ अवसर पर जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र जैन ताथेडिया, केंद्र अध्यक्ष वीर अंकित जैन, केंद्र सचिव वीर अंकुर नागर, वीर पराग जैन (कोषाध्यक्ष), वीर राहुल जैन, वीर जय कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर अपेक्स एवं सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय, आदर्श नगर व आदर्श विद्या मंदिर



सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

स्कूल में किया गया। इस कार्यशाला के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीरा डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म (माहवारी) विषय से सम्बन्धित विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं विद्यालय की छात्राओं के प्रश्नों के माध्यम से जानकारी दी गयी। उन्होंने बालिकाओं को सन्देश दिया कि पीरियड कोई बीमारी नही अच्छे सेहत का लक्षण हैं, अच्छे भोजन के साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए माहवारी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान 920 से अधिक बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन नि:शुल्क उपलब्ध करवाए गए है। इन विभिन्न अवसरों पर वीरा आशा खंडेलवाल, वीरा प्रिया खंडेलवाल, वीरा मंजूषा गुलाटी, वीरा सविता रावत, वीरा राखी बड़ाया, वीरा ज्योति नाटाणी, वीरा श्वेता गुप्ता, वीरा अर्चना बोहरा, वीरा उर्मिला लश्करी, वीरा अल्का अग्रवाल, वीरा शिखा रेला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती केंद्र** द्वारा वसुधा परियोजना के अन्तर्गत एक गर्भवती जरुरतमंद महिला निक्की को



सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

पोषाहार का सामान भेंट किया गया। केंद्र द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गरिमा प्रोजेक्ट के तहत राजकीय सिंधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. भारती द्वारा विद्यार्थियों को माहवारी के दिनों में होने वाली समस्याओं के कारण व समाधान बताये। उन्होंने समझाया कि ये शरीर की सामान्य प्रक्रिया है, हमें घबराना नहीं चाहिए। विद्यार्थियों में 150 सैनेटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीर इंद्रा लोढ़ा, सचिव वीरा सुनीता चोपड़ा, वीरा सुषमा चोपड़ा, वीरा रेखा लोढ़ा, वीरा मंजू चोरड़िया, वीरा मोनिका मोदी आदि वीराओं की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रधान द्वारा इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर गरिमा प्रोजेक्ट के तहत 4 राजकीय बालिका माध्यमिक



सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

विद्यालयों में 690 सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। बच्चों से स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नोत्तरी भी की गई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डाक्टर प्रज्ञा गौतम द्वारा स्वच्छता व महावारी से सम्बंधित जानकारी दी गई। चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन एवं वीर चेतन जैन के सुपुत्र के जन्म दिवस पर उनके सौजन्य से 14 मार्च को वेद दाऊ दयाल जोशी औषधालय में 180 बच्चों को सुवण प्राशन दवाई पिलाई गई। जोकि कमजोर बच्चों की इम्युनिटी को स्ट्रांग करती है। गरीब एवं कमजोर बच्चों को ताकत के लिए बॉर्नविटा का एक-एक पैकेट 8 साल से बड़े बच्चों को फ्री बांटा गया। इन विभिन्न अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा सुलोचना जैन, सचिव वीरा ज्योति बागड़ा, कोषाध्यक्ष वीरा मिथिलेश जैन, वीरा सीमा जैन, वीरा ज्योति धनोपिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## सीकर-झुंझुनू संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र गरिमा प्रोजेक्ट कार्यशाला का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र** द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गरिमा प्रोजेक्ट के तहत माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं सैनिटरी नैपकिन वितरण कार्यशाला का आयोजन २२ फरवरी को राजकीय सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय, बजाज रोड सीकर प्रांगण में किया गया। केंद्र के संरक्षक वीर डॉ. एमपी जैन,



गरिमा प्रोजेक्ट कार्यशाला

MIF वीर कांति प्रसाद पंसारी, वीर पन्नालाल सारडा, वीर सुरेश अग्रवाल एवं वीर डॉ. N. D मिश्रा के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन कर महावीर प्रार्थना से की गई। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मीरा सैनी द्वारा आये हुए सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील दीवान द्वारा संस्था का परिचय भाषण दिया, तत्पश्चात कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं मुख्य वक्ता वीरा डॉक्टर संपत्ति मिश्रा द्वारा छात्राओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी कि माहवारी समस्या नहीं महिलाओं की स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण प्राकृतिक शारीरिक गतिविधि है। पुरानी रूढ़िवादिता को छोड़कर पीरियड को गलत नहीं मानना चाहिए, शर्म नहीं करना चाहिए जैसी बातें बताई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा सक्सेना (उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग) द्वारा संस्था के इस कार्यक्रम की सराहना की एवं बच्चों से शर्म झिझक छोड़कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा, साथ ही बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट एवं प्रयासों से अवगत करवाया। सेफएक्सप्रेस के प्रतिनिधि श्री राजेंद्र जी द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था को देखकर स्कूल प्रबंधन एवं संस्था की प्रशंसा की और कहा कि हमारी कंपनी सेफएक्सप्रेस ऐसे ही समाज सेवा के और भी कई कार्य करती हैं। अंत में केंद्र सचिव वीर राजेंद्र पहाड़िया ने आए हुए अतिथियों, स्कूल टीचर और स्टाफ, शहर के गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया तत्पश्चात छात्राओं को 200 सेट सैनिटरी नैपकिन्स बांटी गई तथा जागरूकता रैली निकाली गई।

### महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं केंद्र** द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गरिमा प्रोजेक्ट के तहत 17 फरवरी को भागीरथी देवी राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय नूआ ग्राम में बालिकाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुंदर-सुंदर रंगोलियां बनाई गयी। सभी 162 छात्राओं को सेनेटरी नैपकिंस, सैनेटाइजर बॉटल डिस्ट्रीब्यूट किए गए तथा सभी छात्राओं को पेन, पेंसिल, बिस्किट फल वितरित किए गए। प्रधानाध्यापिका श्रीमती सरोज जानू ने छात्राओं को समझाया कि महावारी समस्या नहीं महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण प्राकृतिक शारीरिक गतिविधि हैं। कार्यक्रम में



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

मकसूद खान, श्री रामचंद्र पुनिया, अनवर अली शफीक खान रामस्वरूप विशिष्ट अतिथि रहे। केंद्र द्वारा होली स्नेह मिलन, जॉन कॉन्फ्रेंस एवं वीरा शपथ ग्रहण समारोह नूंआँ श्याम मंदिर में आयोजित किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र अध्यक्ष वीर डॉक्टर एस एन शुक्ला, सचिव वीर नागरमल जांगिड, रीजनल सेक्रेटरी वीर जाकिर अली सिद्दीकी, जोन चेयरमैन वीर श्यामसुंदर जालान, वीर महेश मुंड, वीर गोविंद सिंह राठौड़, वीर कृपाशंकर बावलिया, सेफएक्सप्रेस प्रतिनिधि अनिल कुमार, नितिन लाखलान तथा विद्यालय स्टाफ नजमा बानो पुष्पा देवी सुशीला देवी भी उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र, झुंझुनूं फल वितरण कर मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र** द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्र चेयरपर्सन वीरा आरती मूंड



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फल वितरण

के सौजन्य से मातृत्व विंग बीडीके हॉस्पिटल झुंझुनूं में महिलाओं को फल वितरित किये गए। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा आरती मूंड, सचिव वीरा सुधा पूनिया, कोषाध्यक्ष वीरा सुनीता सुरा, वीरा अंबिका झाझरिया, बी डी के हॉस्पिटल डॉक्टर्स नर्सिंग स्टाफ, जोन चेयरमैन वीर श्यामसुंदर जालान, एवं जोन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मूंड व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## रीजन-3

### अजमेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर कई कार्यक्रम किये गए। केंद्र द्वारा मदर टेरेसा स्कूल अजमेर की छात्रा नंदनी ढोली कक्षा 10 की छात्रा को वीरा अनुराधा जैन के सौजन्य से फीस के लिए रु. 7500/- उपलब्ध कराएं। अपना घर आश्रम लोहागल रोड में 30 रजाइयां केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गयी। केंद्र द्वारा म.इ. पद्मावती, म.इ अजयमैरू एवं मानवता फाउंडेशन ट्रस्ट के सयुंक्त तत्त्वाधान मे प्रेसिडेंसी स्कूल के छात्र छात्राओं व अंबेडकर कॉलोनी कच्ची बस्ती में नि:शुल्क कपड़ों का वितरण किया गया। महाशिवरात्रि पर टी बी अस्पताल में भर्ती 105 मरीजों को दूध, नमकीन-मीठे बिस्कुट के पैकेट एवं केले का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा 6 मार्च को फॉर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर, भारत विकास परिषद अजमेर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अजमेर ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में फॉर्टिस हॉस्पिटल जयपुर के किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप गुप्ता एवं वरिष्ठ गुर्दा रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. राजेश गरसा ने किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी सम्बंधित सामाजिक भ्रांतियां एवं उनसे सम्बंधित इलाज के बारे में जानकारी दी। 8 मार्च को महिला दिवस पर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र के द्वारा शाला की सेकेंडरी कक्षा में अधिकतम अंक लाने वाली छात्रा निकिता साहू 93% वर्ष 2019, गोरी चंदेल 97% वर्ष 2021 एवं हर्षिता साहू 100% वर्ष 2021 को दानदाताओं से स्मृति के रूप में प्राप्त 20 ग्राम चांदी के मैडल, प्रमाण पत्र एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। केंद्र सचिव वीर प्रभात चंद्र सेठी द्वारा उनकी शादी की 45वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अपना घर आश्रम लोहागल रोड परिसर के 150 आवासियों को भोजन कराया गया। केंद्र द्वारा 10 मार्च को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत श्री ओंकार सिंह मेमोरियल वुमन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज अजमेर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन वीरा इंदु जैन द्वारा मासिक धर्म सम्बंधी विषय में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि संस्था का लक्ष्य सिर्फ सेनेटरी नैपकिन बांटना ही नहीं बल्कि छात्राओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में 230 छात्राओं को 1400 सेनेटरी नैपकिन का वितरण किये गए।



विभिन्न सेवा कार्यक्रम

### महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** के वीर सोहनलाल, वीरा शारदा वर्मा ने शादी की वर्षगांठ पर उनकी ओर से जीवदया व



जीवदया सेवा कार्यक्रम

पर्यावरण रक्षा हेतु जोन कोषाध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़ियां, अध्यक्ष वीर कैलाश चन्द पांड्या, सचिव वीर रामावतार गोयल, वीर अशोक अजमेरा, वीर अजीत पहाड़िया को 21 हजार रुपये का चेक भेंट किया। केंद्र द्वारा 2 मार्च को श्रीमती ईचरज देवी जैन पत्नी स्व श्री बन्सीलाल जी ठोल्या के सुपुत्र अशोक कुमार जैन के सहयोग से बेसहारा गायों को शाकम्बरी गौशाला में गुड़ व चारा खिलाकर गौ सेवा की गयी।

### महावीर इंटरनेशनल मकराना केंद्र नि:शुल्क कान नाक गला रोग शिविर



नि:शुल्क कान नाक गला रोग शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मकराना केंद्र** द्वारा विशाल नि:शुल्क कान नाक गला रोग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 30 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किये गए।

### महावीर इंटरनेशन राजश्री मकराना वीरा केंद्र स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशन राजश्री मकराना वीरा केंद्र** द्वारा 27 फरवरी को इडवा में नि:शुल्क



स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

ई.एन.टी कैंप लगाया और गौशाला में 11 हजार रुपए गायों के लिए गुड़ और चारा हेतु दिए गए। महावीर चंद वीर अभय कुमार कोठारी के सौजन्य से भोजन शाला में 11

हजार रुपए दिए गए। कैंप में 115 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी और 22 मरीजों को ऑपरेशन के लिए जयपुर भेजा गया। जयपुर के सिद्धम हॉस्पिटल से डॉ. ऋषभ जैन और उनकी टीम द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा कुचामन केंद्र
## विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा कुचामन केंद्र** द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सीएससी चिकित्सालय पर एएनएम वीरा



गर्भा सेवा कार्यक्रम

पनकी मोहनपुरिया को माला अर्पण कर सम्मानित किया गया। सभी गर्भवती महिलाओं को पोषण किट, नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत सैनिटरी नैपकिन्स दिए गए। छोटी बालिकाओं को बिस्किट वितरित किये गए। इस अवसर पर वीरा सरोज पाटनी, वीरा सीमा काला, वीरा सीता गंगवाल, वीरा ऋतु बंसल, वीरा ज्योति बंसल और अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र** द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत ''झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" कार्यशाला का आयोजन 3 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहाड़गंज स्कूल में किया तथा 200 सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में 150 सैनिटरी नैपकिन्स वितरित किये गए। केंद्र द्वारा बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन्स की उपयोगिता के बारे में बताया तथा जानकारी दी कि अच्छे भोजन के साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए माहवारी में स्वच्छता अत्यंत आवश्यक हैं। संस्था का उद्देश्य सिर्फ सैनिटरी नैपकिन्स बांटना ही नहीं बल्कि महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। इस अवसर पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा आभा लुणावत, सचिव वीरा कल्पना कांसवा, वीरा डिंपल जैन, वीरा भारती श्रीवास्तव सहित स्कूल स्टॉफ और बालिकाएं उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल स्पर्श वीरा केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल स्पर्श वीरा केंद्र** द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत सेन्ट्रल एकेडमी



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल में छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 600 सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री बोरावड़ केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री बोरावड़ केंद्र** द्वारा "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत आशापूर्णा हॉस्पिटल में जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. नेहा जी द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

जानकारी दी गई। केंद्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छापरबस्ती आंगनबाड़ी मे विविध कार्यक्रम किए गए जिसमें सबसे पहले महिलाओं द्वारा रंगोली बनाई गई। महिलाओं और बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पारितोषिक किया गया। साथ ही केंद्र द्वारा 350 सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम किया गया। सभी बालिकाओं को केले वितरित किए गए। इन विभिन्न अवसरों पर सचिव वीरा सुमन लुणिया, वीरा अंजू अग्रवाल, वीरा सुनीता अग्रवाल, वीरा सविता अग्रवाल, वीरा मोंटी अग्रवाल, वीरा संजना मालपानी, वीरा रूप कंवर खींची, वीरा रंजना सहित वीरायें उपस्थित रही।

## भीलवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र
### जीव सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न स्थलों पर गौमाता को हरी मेथी 1400 किलो खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम गाडरी खेड़ा माताजी के स्थान पर व



**जीव सेवा करते हुए**

थला बस स्टैंड पर एवं पार्टियों का खेड़ा में डाली गई। भामाशाह वीर रतन लाल चोरड़िया सगरे वाला की तरफ से 1100 रुपए केंद्र को दिए गए। इन अवसरों पर कार्यक्रम में केंद्र के चेयरमैन वीर नंदराम कुमावत, सचिव वीर अंबालाल कुमावत, सह सचिव वीर गोपी लाल कुमावत, सदस्य वीर सुखलाल कुमावत, वीर डूंगर सिंह, वीर आसाराम कुमावत, वीर रामेश्वर लाल, परिवहन सेवा वीर चंपा दास वैष्णव द्वारा दी गई।

### महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र, भीलवाड़ा
### गरिमा प्रोजेक्ट

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र** एवं सेफएक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान मे गरिमा प्रोजेक्ट के तहत "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" कार्यशाला का आयोजन 20 फरवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर गवर्नमेंट गर्ल्स आवासीय विद्यालय आटून (भीलवाड़ा) मे किया गया। डॉ. कविता वर्मा ने छात्राओं को माहवारी से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम मे छात्रावास



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

की प्रिंसिपल व क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना ने भी बालिकाओं को उचित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सेफएक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि श्री धीरज जी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में 500 सेनेटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वीरा शकुंतला सोडानी, सदस्य पूजा जैन, मीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा चंदा रांका, उपाध्यक्ष वीरा सुशीला चौधरी, गवर्निंग काउंसिल की मेंबर वीरा पुष्पा मेहता, संरक्षक अरुण जी गेलड़ा नारायण जी सोडानी व छात्रावास के टीचर्स उपस्थित थे। 10 मार्च को देवनारायण गवर्नमेंट गर्ल्स आवासीय विद्यालय तेलिखेड़ा (भीलवाड़ा) मे 400 सैनिटरी नैपकिन छात्राओं को नि:शुल्क बांटे गए। आर्ट ऑफ लिविंग के जीतेन्द्र भैया और अंतिम दीदी ने भी हमारे साथ इस कार्यक्रम मे सहयोग करते हुए छात्राओं को माहवारी से सम्बंधित जानकारी दी।

### महावीर इंटरनेशनल आंजना पुर केंद्र
### सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल आंजना पुर केंद्र** द्वारा संयुक्त तत्वाधान में गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के तहत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोचरिया व पुर में एक कार्यशाला आयोजित की गई। चेयरपर्सन वीरा सुरेश सिंघवी ने बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी व सेवा कार्यो से अवगत कराया और वीरा रैना कोचिटा ने सबका आभार प्रकट किया। वीरा बहनों द्वारा 200 बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन बांटे। प्रधानाध्यापक द्वारा



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

संस्था के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर वीरा रेखा जैन, वीरा काव्या जैन, वीरा शांति लाल हिंगड़ आदि सदस्य उपस्थित थे।

### महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र
### झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो

**महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र** द्वारा प्रोजेक्ट "गरिमा" राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगरोप में किया गया। चेयरपर्सन वीरा दीपा सिशोदिया ने बताया कि केंद्र एवं सेफएक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान मे गरिमा प्रोजेक्ट के तहत 500 सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। संस्था की वीरा एकता ओस्तवाल एवं डॉ. गरिमा ने विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को मासिक धर्म (माहवारी) से सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि पीरियड कोई बीमारी नहीं बल्कि अच्छी सेहत के लक्षण हैं। हेल्दी डाइट के साथ साथ हमारा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा हो इस हेतु माहवारी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में संस्था की ट्रस्टी वीरा स्नेहलता धारीवाल, निवर्तमान



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

क्षेत्रीय सचिव वीरा प्रमीला नैनावटी, विद्यालय की प्रिंसिपल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही इस अवसर पर थैलीसीमिया रिलीफ सोसायटी के महासचिव गौतम दुगड़ ने संस्था के मुख्य प्रोजेक्ट "रोको थैलीसीमिया" की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपाय बताए।

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र, भीलवाड़ा
## सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र द्वारा** द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत गुलमण्डी स्थित सीनियर सैकेण्डरी गर्ल्स स्कूल में "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" पर



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र शास्त्रीनगर से बहन तनु कुमारी द्वारा बच्चों को माहवारी की स्वच्छता के बारे में उचित जानकारी एवं स्वास्थ्य सम्बंधी प्रश्नोत्तरी भी की गई। इस अवसर पर बालिकाओं को 300 सैनेटरी नैपकीन का वितरण किया गया एवं सभी छात्राओं की विशेष तौर से हाईजीन के बारे में समझाते हुए यह कहा कि यह एक प्राकृतिक सिस्टम हैं, इसमें आप सभी को अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखना हैं। केंद्र द्वारा राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में उषा डोसी के सहयोग से प्रोफेसर विमल जी दोसी के पुण्यतिथि के उपलक्ष पर जरूरतमंद 101 गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट भेंट किये गए। उक्त कार्यक्रमों में चेयरपर्सन वीरा चंद्रा रांका, सचिव वीरा निशा सोनी, जोन कोर्डिनेटर वीरा मंजु बापना, जोन कोषाध्यक्ष वीरा मंजु खटवड़, ट्रस्टी वीरा स्नेहलता धारीवाल, वीरा बलवीर चोरड़िया, वीरा पुष्पा मेहता, वीरा कला कुदाल, वीरा सरोज दाधीच सहित कार्यक्रम विद्यालय प्रभारी व स्टॉफ तथा अनुप सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान वीरा केंद्र
## विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र** भीलवाड़ा द्वारा "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" गरिमा प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापुनगर में किया गया। सेफएक्सप्रेस लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड एवं संस्था के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड्स बांटे गए। सर्वप्रथम प्रार्थना बोल कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि डॉक्टर दीपेश कुमारी अग्रवाल ने बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी। मुस्कान की चेयर पर्सन वीरा सुशीला आंचलिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत माला पहनाकर किया तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी दी व संस्था



**महिला दिवस कार्यक्रम**

के सेवा कार्यो से अवगत कराया गया। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के लिए जागरूक होने का आह्वान किया। वीरा सदस्यों द्वारा बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा 7 मार्च को सॉल्ट एंड पेपर निजी वाटिका में महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व संरक्षक वीरा प्रतिभा मेहता, संरक्षक वीरा संध्या आगीवाल, केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला आंचलिया, पूर्व चेयरपर्सन वीरा विजया बंब, सचिव वीरा हंसा छाजेड, कोषाध्यक्ष वीरा ललिता जैन द्वारा माला और मोमेंटो के साथ किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल मरुदेवी केंद्र, गुलाबपुरा
## णमोकार मंत्र जाप कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मरुदेवी केंद्र** गुलाबपुरा द्वारा केंद्र की वीराओं ने रूस व यूक्रेन के



**युद्ध शांति के लिए प्रार्थना कार्यक्रम**

मध्य चल रहे विनाशकारी युद्ध की शांति के लिए णमोकार मंत्र का जाप किया गया व महावीर स्वामी से युद्ध विराम की प्रार्थना की गयी।

## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र
### नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र** द्वारा 21 फरवरी को स्वर्गीय श्री मुंशी शांतिलाल रांका की स्मृति में एडवोकेट महेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, ऋषभ रांका के सौजन्य से नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन महावीर इंटरनेशनल चिकित्सा सेवा केंद्र पर किया गया। शिविर में 550 मरीजों



नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजन

का उपचार नि:शुल्क किया गया। इस अवसर पर जोन सचिव वीर सुशील छाजेड़, सदस्य वीर सुनील सकलेचा, वीर नरेश बंसल, केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू जैन, सचिव वीरा मोनिका सकलेचा, वीरा हेमलता जैन, वीरा भावना कांकरिया, वीरा सुमन छाजेड़, भामाशाह महेंद्र रांका, पीयूष रांका, योगेश ऋषभ, अभिषेक, ललित एवं महावीर चिकित्सा केंद्र के सदस्य मुकेश चपलोत, डॉ. सीएल परिहार मानमल जैन आदि उपस्थित थे।

### महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र
### संभागीय अधिवेशन समारोह आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र** द्वारा 27 मार्च को वंदे गौ मातरम चेरिटेबल ट्रस्ट अजमेर रोड पर स्थित ब्यावर गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया। केंद्र के आतिथ्य में 13 मार्च को संभागीय अधिवेशन राका जी



संभागीय अधिवेशन में स्मृति चिन्ह प्राप्त करते हुए

की बगीची में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सीए सुधीर जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। केंद्र को सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य में उत्कृष्ट सहभागिता पुरस्कार केंद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर अमित बंसल को प्रदान किया गया। संभाग के सर्वश्रेष्ठ युवा केंद्र पुरस्कार केंद्र को मिला। संभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रतिवेदन पुरस्कार भी केंद्र को मिला। संभाग का वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला। सेवा कार्य के लिए वीर अनुज सिंघल, वीर राजेश मंत्री, वीर सत्य काम दाधीच को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में वीर महेंद्र राका, वीर अनिल मेहता, वीर सत्य काम दाधीच, वीर विजय पारीक, वीर अनुपम रूणीवाल, वीर दिनेश कोठारी, वीर यशवंत कोठारी, वीर निखिल जिंदल आदि का सहयोग रहा।

## चित्तौड़गढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र
### नेत्र व सामान्य जांच शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र** द्वारा नेत्र जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित किये गए। हेल्थ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ एवं जैन दिवाकर महिला परिषद् चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली एवं गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से नेत्र एवं सामान्य



नेत्र व सामान्य जांच शिविर आयोजन

चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कीरखेड़ा में आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र एवं सामान्य चिकित्सा आउटडोर रोगियों की संख्या 496 रही। शुगर व बीपी के 285 रोगियों का परीक्षण किया गया। उचित परीक्षण के पश्चात 78 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। केंद्र के चेयरमैन वीर अभय संचेती, सचिव वीर के.एम. जैन, उपाध्यक्ष वीर सी एम रांका, वीर बसन्ती लाल मेहता, पूर्व अध्यक्ष वीर निरंजन नागोरी, वीर राजेंद्र दोशी, वीर कनक मेहता, वीर नवनीत मोदी, वीर प्रकाश पोखरना, शिविर प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य, श्री जैन दिवाकर, महिला परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती अंगुरबाला भड़कत्या, सचिव कुसुम भड़कत्या, उपाध्यक्ष नगीना मेहता, कोषाध्यक्ष सीमा सीपानी, संरक्षक, अन्य पदाधिकारी व महावीर इंटरनेशनल देशना केंद्र की चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया, पुर्व चेयरपर्सन वीरा विमला सेठिया एवं चित्तौड़गढ़ श्रमण संघ के अध्यक्ष वीर हस्तीमल चोरड़िया, वीर अजीत नाहर, जैन कांफ्रेंस प्रांतीय प्रचार मंत्री वीर सुधीर जैन, पार्षद वीर कन्हैयालाल माली, अध्यक्ष वल्लभ बोहरा, युवा परिषद अध्यक्ष वीर अपुल चीपड आदि उपस्थित रहे।

### महावीर इन्टरनेशनल पहुंना केंद्र
### नेत्र, सामान्य चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर आयोजन

**महावीर इन्टरनेशनल पहुंना केंद्र** द्वारा नेत्र, सामान्य चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र द्वारा महावीर



मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजन

इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ व महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के सौजन्य से नेत्र, सामान्य चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रोगियों की संख्या 216 रही। केंद्र द्वारा सर्वाधिक 74 मोतियाबिंद के ऑपरेशन एक ही दिन में नेत्र चिकित्सालय में करवाए गए। राजकीय आयुर्वेद औषधालय में 15 फरवरी को 471 बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाया गया एवं वात व्याधि एवं मौसमी बीमारियों के लिए आयुर्वेद चिकित्सा शिविर मे 87 रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं औषधि का वितरण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल छोटी सादड़ी केंद्र
## जींवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल छोटी सादड़ी केंद्र** द्वारा 18, 27 फरवरी एवं 2 मार्च को चेनपुरिया गौशाला में तीन ट्राली घास डलवाई गयी। केंद्र को मानव सेवा क्षेत्र में नेत्र शिविरों का सफल आयोजन करने के पुनीत कार्य हेतु गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर कांति लाल दक, कोषाध्यक्ष वीर कैलाश गिरी गोस्वामी, वीर प्रदीप ब्यास, वीर लोकेश जायसवाल ने उपस्थित होकर सम्मान पत्र ग्रहण किया। 4 नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय नीमच में करवाएं गए।

## महावीर इंटरनेशनल युवा चित्तौड़गढ़ केंद्र
## स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल युवा चित्तौड़गढ़ केंद्र** द्वारा 13 मार्च को स्थानीय मीरा नगर जैन सामायिक भवन में चंदनबाला महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 103 बच्चों को नि:शुल्क जांच व परामर्श दिया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु जोशी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीर पवन पटवारी, उपाध्यक्ष वीर अर्जुन लोढा, वीर जगदीश चोखड़ा, सचिव वीर पंकज उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सीए वीर अर्पित पोखरना, संयुक्त सचिव वीर राकेश न्याती, वीर धर्मवीर कोठारी, वीर सुनील झामड, वीर आदित्य भराड़िया, वीर रामनरेश डाड, वीर अंकुर अग्रवाल, शिविर प्रभारी वीर अशोक मारू आदि सदस्य उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र** द्वारा सेफएक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के तहत 23 फरवरी को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया ने कार्यशाला में बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी गयी। कार्यशाला की मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन कल्याणी दीक्षित ने बालिकाओं को शिक्षण के साथ स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की जानकारी दी। डिप्टी डायरेक्टर स्वाति छाजेड़ द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सचेत किया। वीरा सदस्यों द्वारा 1100 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया तथा उन्हें गरिमा प्रोजेक्ट सम्बंधी मूवी भी दिखाई गई, जोकि माहवारी पर आधारित थी। सचिव वीरा विनीता जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रधानाचार्य प्रज्ञा जैन ने केंद्र के कार्यों की प्रशंसा की व धन्यवाद पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वीरा कल्पना मेहता, वीरा अंजू कोठारी, वीरा आशा पोखरना, वीरा रंजना पोखरना, वीरा अनीता भड़कतीया, वीरा सीमा भड़कतीया व वीरा सीमा सिंघवी आदि वीरायें उपस्थित रही।



सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए

## महावीर इन्टरनेशनल के अम्बिका केंद्र, निम्बाहेड़ा
## शपथ ग्रहण समारोह

**महावीर इन्टरनेशनल अम्बिका केंद्र, निम्बाहेड़ा** का शपथ ग्रहण समारोह जेके सीमेंट के यूनिट हेड श्री आरबीएम त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा व चेयरपर्सन, आल इंडिया जैन कॉन्फ्रेंस पुष्पा गोखरू के अतिविशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज ढ़ेलावत ने केंद्र



शपथ ग्रहण समारोह

की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई तथा संस्था के उद्देश्य 'सबको प्यार-सबकी सेवा' पर कार्य करते हुए कन्यादान महादान योजना के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी विमल कोठारी का उनके जन्मदिन के अवसर पर केंद्र के सानिध्य में आयोजित शिविर में 111 रक्तदान करवा कर सहयोग प्रदान करने पर संस्था की ओर से जे. के. यूनिट हेड आरबीएम त्रिपाठी एवं वीर अशोक नवलखा के द्वारा अभिनन्दन करवाया गया। कार्यक्रम में आल इंडिया जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय मंत्री मधु जैन, चितौड़गढ़ जोन सचिव वीर एवन्त पोखरना, जोन कोषाध्यक्ष वीर सुरेश सरूपरिया, गवर्निंग कौंसिल मेंबर वीर हस्तीमल चण्डालिया, वीर चांदमल बोकाडिया, बेबी किट जोन डायरेक्टर वीरा अल्पना चपलोत, कन्यादान प्रोजेक्ट जोन डायरेक्टर वीरा कल्पना सिंघवी एवं ब्लड थैलेसीमिया डायरेक्टर वीरा टीना नाहर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई गणमान्य प्रतिष्ठ महानुभावों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र
## बाल सेवा एवं राशन सामग्री सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र** द्वारा वीरा सुमन छाजेड के सौजन्य से उनकी पोती के जन्मदिन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अहिरपुरा डाक बंगला में 125 बच्चों के साथ मनाया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया ने बताया कि यह कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि मुंबई निवासी श्री महेश जी डागलिया जैन कांफ्रेंस मेवाड़ समाज के चुनाव सलाहकार एवं चित्तौड़गढ़ जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज ढेलावत के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर छाजेड़ परिवार द्वारा सभी बच्चों को टिफिन, बॉटल, चिप्स के पैकेट, चॉकलेट, बिस्किट एवं फल वितरित कर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई। सचिव वीरा प्रियंका नाहर ने अपने उद्बोधन में अतिथि महोदय को केंद्र के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं कन्यादान प्रोजेक्ट के बारे में सुनते ही वीर



**बाल सेवा कार्यक्रम**

डागलिया ने एक कन्यादान करवाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। केंद्र द्वारा वीरा सीमा पारख के सौजन्य से 20 महिलाओं को राशन सामग्री का वितरण किया गया। इस सामग्री के अंतर्गत 10 किलो आटा, सभी तरह की दालें, चावल, शक्कर, चाय पत्ती, गुड, घी एवं तेल थे।

# रीजन-4

## डूँगरपुर- बांसवाड़ा संभाग

## महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर केंद्र
## दिव्यांग सहायता सेवा कार्यक्रम

**महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा 27 फरवरी को दो दिवसीय दिव्यागं कैलिपर्स कैम्प भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के सहयोग से डूंगरपुर रोग निदान केंद्र पर रखा गया। कैम्प में दिव्यांगों को एक ट्राईसाईकिल, पांच कैलिपर्स, दो जोड़ी बैसाखी, एक श्रवण यंत्र, सात जयपुर फुट उपलब्ध कराए गए। कैम्प मे डूंगरपुर पंचायत समिति, बिछीवाडा, आसपुर, दोवडा, चिखली



**दिव्यांग सहायता सेवा कार्यक्रम**

से आये दिव्यागों को सुविधा प्रदान की गयी। इस अवसर पर केंद्र के सदस्यों ने सेवाएं प्रदान की। केंद्र को ब्लड बैंक आयुर्विज्ञान महाविद्यालय डूंगरपुर द्वारा 11 मार्च को सम्मानित किया गया। केंद्र द्वारा भामाशाहों के सहयोग से शहर में प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम के तहत, कपड़े की तीन हजार थैलों का वितरण सभापति अमृतलाल जी कलासुआ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। भामाशाह श्री गोवर्धनलाल जी पुत्र चुन्नीलाल जी जैन परिवार ने इनकी धर्म पत्नी स्वर्गीय विमला देवी जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर सहयोग प्रदान किया।

## महावीर इंटरनेशनल खोडन केंद्र
## नेत्र जांच शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल खोडन केंद्र** द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।



**नेत्र जांच शिविर आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शना डूंगरपुर केंद्र
## विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शना डूंगरपुर केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर बेबी किट वितरित किये गए। मातृ एवं शिशु वार्ड मे 350 बेबी किट दिए गए। 5 मार्च को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत राजकीय वरिष्ठ संस्कृत विद्यालय मालपुर में स्वच्छता व स्वास्थ्य के बारे बताते हुए बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी गयी तथा 70 सैनेटरी नैपकिन वितरित किये गए। माथुगामड़ा गांव में 100 महिलाओं व तरुणियों को दादा करनानी के



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

सानिध्य में सैनेटरी नैपकिन वितरित किये गए। महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांव तिजवड़ की 10 गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरित किया गया। जिसमें गुड़, चना, गोला, दलिया, परमर, घी, बिस्किट आदि दिया गया। केंद्र को महिला दिवस के दिन नगरपरिषद डूंगरपुर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। 11 मार्च को केंद्र की वीराओं द्वारा जिला कलेक्टर से भेंट की तथा बुके शॉल और उपरना ओढा कर स्वागत किया गया तथा उन्हें केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया एवं उनसे निवेदन किया कि केंद्र को सरकारी कार्यक्रमों में जोड़ा जाये ताकि जरूरतमंदों की सहायता की जानी संभव हो सकें। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोशी, उपाध्यक्ष वीरा कनकलता जैन, सचिव वीरा ममता भट्ट, वीरा पूजा जैन, वीरा चन्द्रकला वोरा, वीरा निधि गांधी, वीरा रेखा गोठी, वीरा श्वेता सरेया, वीरा ममता सरेया, वीरा सुषमा जैन, वीरा सुषमा गांधी, वीरा रीतू दोशी, वीरा प्राची गांधी, वीरा साधना जैन, वीरा प्रिया जैन, वीरा जया कसारा, वीरा आशा वोरा आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वामा सागवाडा केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वामा सागवाडा केंद्र** द्वारा राजकीय चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में नवजात शिशुओं को बेबीकिट वितरित किये गए। यशोदा परियोजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषाहार दिया गया तथा गरिमा प्रोजेक्ट के तहत विद्यालयों में सैनिटरी नैपकिन्स वितरण किया गया। इन अवसरों पर पूर्व सचिव वीरा धनकुंवर आजणीया, चेयरपर्सन वीरा तिलकनंदिनी शाह, कोषाध्यक्ष



**बेबी किट वितरित करते हुए**

वीरा रेखा पंचोरी, वीरा नेहा सिंघवी एवं अन्य वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र
## संघर्षरत जीवन जीने वाले महिलाओं का किया सम्मान

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मोहन कॉलोनी में बड़े रामद्वारा के संत श्री महाराज राम प्रकाश जी, विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी से पधारी प्रांजली बहन, हर्ष भैया के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि महाराज जी ने सभी बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार के साथ कर्तव्य का भी



**संघर्षरत जीवन जीने वाले महिलाओं का किया सम्मान**

पालन करना चाहिए संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए मां के रूप में बच्चे की प्रथम गुरु प्रथम पाठशाला महिला ही होती है। प्रांजली बहन ने विवेकानंद केंद्र के बारे में जानकारी दी। केंद्र के द्वारा सभी बहन बेटियों का सम्मान किया गया। साड़ियां व सलवार कुर्ते वितरित किये गए। सभी ने अपने विचार एक दूसरे से साझा किए मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। 9 मार्च को बीएमडी मोरड़ी (एलएनजे ग्रुप) द्वारा सिलाई प्रशिक्षणार्थियों को बैग्स बनाने के लिए केंद्र को नि:शुल्क कपड़ा प्रदान किया गया। केंद्र द्वारा आने वाली होली के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चिड़ियावासा में प्रधानाचार्य मंजू मित्तल के आतिथ्य मे 1 से 5 कक्षा के बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। सभी वीराओं ने बच्चों के साथ गुलाल से होली खेली। बेटियों को उपहार स्वरूप फ्रॉक व लड़कों को शर्ट, रजिस्टर पेंसिल रबड़ भेंट की। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन भुवनेश्वरी मालोत, वीरा पूनम सोतानी, वीरा सुधा तलवाडिया, वीरा विजय बाला सेठिया, वीरा आशा अग्रवाल, वीरा विमला कोठारी, वीरा उषा पोरवाल, वीरा निशा तलवाडिया, वीरा मोहिनी तलरेजा, वीरा संध्या लोकवानी और विद्यालय से शीला चौबीसा, निर्मल जैन, रेखा त्रिवेदी व रुचि पंड्या का सहयोग रहा।

# राजसमंद संभाग

## महावीर इंटरनेशनल आमेट केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल आमेट केंद्र** द्वारा राजकीय चिकित्सालय में 100 बेबी किट वितरित किए गए। पिछले 92 महीने से नवजात शिशुओं के लिए केंद्र द्वारा बेबी किट वितरण किए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीर अरविंद भरसारिया, सचिव वीर सुभाष कोठारी, डिप्टी डायरेक्टर वीर ज्ञानेश्वर मेहता, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर वीर मनसुख बम्ब और वीर महेंद्र बोहरा, डॉ. सीपी सूर्या, डॉ. संघर्ष जैन, डॉ. सुरेश चंदोलिया, वीर मोतीलाल



**बेबी किट वितरित करते हुए**

डांगी, वीर पवन कच्छारा, वीर अभय कुमार गैलड़ा, वीर मुकेश चपलोत, वीर ललित ढिलीवाल, वीर ललित छाजेड़, वीर मनीष ढिलीवाल, वीर मनीष जैन, मीना सिस्टर, भावना सिस्टर आदि उपस्थित थे।

## महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा प्रतिमाह की भांति 9 मार्च को राजकीय चिकित्सालय के जनाने वार्ड के डॉक्टर और नर्सों के मिले-जुले प्रयासों से एक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच पड़ताल की गयी। गर्भवती महिलाओं को एक फाइल का कवर दिया गया। जिसमें वे अपने गर्भ के पहले महीने से लेकर बच्चा पैदा होने तक के स्वास्थ्य सम्बंधी परीक्षण के सभी कागज संभाल कर रख पावें। जिससें स्वास्थ्य सम्बंधी इमरजेंसी में भी यह फाइल उपयोग में आती है। केंद्र द्वारा गर्भवती महिलाओं को 40 पोषाहार के पैकेट वितरित किये गए जिसमें



**पोषक आहार वितरित करते हुए**

गोला, गुड़ और भुने हुए चने सम्मिलित हैं। तथा केंद्र द्वारा 187 बेबी किट भी वितरित किये गए। इस अवसर पर राजसमंद जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र पोखरना, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर विजय प्रकाश पीपाड़ा, केंद्र से चेयरपर्सन वीरा संतोष मारवाड़ी, वीर संपत लोढ़ा, वीर कांतिलाल धाकड़, वीर राजेश मारवाड़ी, वीर पवन पाठक, वीर श्याम लखोटिया, वीर विनीत सुराणा, वीरा रसीला जैन, वीरा सुमित्रा डागलिया, वीरा प्रेमलता लोढ़ा, वीरा चंदा सोमानी, वीरा वंदना गुप्ता, वीरा गीता सेठी, वीरा सुशीला पाठक, वीर हेमंत सुराणा, वीर भूपेंद्र मांडोत, वीर लक्ष्मी लाल डागलिया, वीरा अरुणा जैन, वीरा सरोज सूर्या, वीरा सीमा जैन आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र जीव सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र** द्वारा 16 फरवरी को धेनु गौपाल कृष्ण गौशाला सियाणा में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौधन हेतु दवाइयों के लिए सहयोग राशि प्रदान की गयी। सभी



**दवाई वितरित करते हुए**

सदस्यों द्वारा गौशाला में गौधन को हरा रचका खिलाया एवं बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गायों का किस प्रकार उपचार व सेवा हो रही हैं उसका अवलोकन किया। इस अवसर पर MIF वीर महेंद्र कोठारी, वीर नरेंद्र कोठारी, वीर हस्ती कोठारी, वीर सुनील बोहरा, वीर गौरव कोठारी, वीर ललित बोहरा, वीर डॉ. विजेंदर सैनी, गौसेवक चम्पा लाल कुमावत, पवन सिंह राव, गोविंद सिंह राव, प्रभु गुर्जर सहित गौपालक उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र** द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर्व पर महिलाओं के सम्मान हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 4 मार्च को केंद्र द्वारा बालिका बेबी मोची कॉलेज की पढाई के लिए 2500 रुपये की पाठ्य सामग्री और बैग का वितरण किया गया। 5 मार्च को पिपलांत्री गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया उसमे सभी वीराओं ने भाग लिया। सेवा भावी सर्वश्रेष्ठ बहु वीरा अंजू लता हिंगड़ का शॉल, माला और मोमेंटो से स्वागत व अभिनन्दन किया गया। 6 मार्च को वीरा तारा पगारिया के सौजन्य से R.K. हॉस्पिटल के मिल्क बैंक में दूध डोनेट करने वाली महिलाओं को 50 कटोरी-चम्मच व 50 बिस्कुट पैकेट का वितरण किया गया। महिला दिवस पर कमला नेहरू हॉस्पिटल कांकरोली में उपस्थित स्टाफ की 10 महिला नर्सिंग स्टाफ को भी उनके द्वारा कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तिलक, माला व उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया गया। 9 मार्च को कमला नेहरू हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं को पोषाहार हेतु 40 गुड़ गोले व चने का वितरण किया गया तथा इसके साथ ही प्रसूताओं को 20 पेटीकोट व 20 बेबी किट का वितरण किया गया। 10 मार्च को कमला नेहरू हॉस्पिटल में डॉक्टर भूपेंद्र परतानी लोकेश शर्मा व स्टॉफ की उपस्थिति में वीरा मैना मेहता के सौजन्य से गर्भवती महिलाओं का वजन करने के लिए वेटिंग मशीन भेंट की गई। तथा इसी प्रकार R.K. हॉस्पिटल में डॉ. ललित पुरोहित डॉक्टर सारांश सबल व



**पाठ्य सामग्री भेंट करते हुए**

स्टॉफ की उपस्थिति में वीरा मधु सिसोदिया के सौजन्य से मरीजों का वजन करने के लिए वेटिंग मशीन वितरित की गई। होली मिलन के उपलक्ष्य में मोही वृद्धाश्रम में रसोई के बर्तन, गैस का चूल्हा, कुकर प्लेटें, परात व खाद्य सामग्री पोया, शक्कर, दालें, छोले, राजमा नहाने व कपड़े धोने का साबुन का वितरण में वीरा रंजना अडूकिया का आर्थिक सौजन्य रहा तथा बड़ी कढ़ाई केंद्र के सौजन्य से दी गई। वहां स्थित 15 वृद्ध व्यक्तियों को मिठाई फल व कचोरी का नाश्ता दिया गया। तथा नाड़ी आंगनवाड़ी स्कूल में 20 छोटे बच्चों को खिलौने, जाजम, पंखा स्टेशनरी सामान बच्चों के लिए दिया गया व बच्चों को मिठाई फल व बिस्किट का वितरण किया गया तथा नाड़ी के प्राइमरी स्कूल में 25 बच्चों को फल मिठाई का वितरण किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर GCM वीरा तारा पगारिया, चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया, सचिव वीरा मधु सिसोदिया, वीरा प्रीतू खटोड़, वीरा मेना मेहता, वीरा कंचन हिंगड़ आदि वीरायें उपस्थित रही।

## उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी उदयपुर केंद्र सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी उदयपुर केंद्र** द्वारा सैटेलाइट अस्पताल, उदयपुर में 50 बेबीकिट का वितरण किया गया। केंद्र के सभी वीर एवं वीराओं द्वारा फतहसागर पर पक्षियों के लिए परिंडा वितरित किये गए। साथ ही



जीव सेवा करते हुए

लाफ्टर थैरेपी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इन्टरनेशनल ऋषभदेव केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इन्टरनेशनल ऋषभदेव केंद्र** द्वारा 17 फरवरी को हॉस्पिटल C.H.C. मे नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया गया।



बेबी किट वितरित करते हुए

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. यशपाल, डॉ. पुष्पेन्द्र, नर्स गौरव जैन, अध्यक्ष वीर प्रदीप कुमार जैन, सचिव वीर नरेन्द्र पाल, वीर महावीर गांगावत, किट प्रभारी वीर मुकेश गांधी एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा द्वारा गौशाला में गुड़ वितरण किया गया और कबूतरों को दाना वितरित किया गया। केंद्र का स्नेह मिलन 13 मार्च को गंगाशहर हंसा गेस्ट हाउस में सेवा, अहिंसा व सदभाव के संकल्प के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों का रंग-बिरंगी गुलाल से स्वागत किया गया तथा संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में वीर





होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

सुमेरमल दफ्तरी, वीर कन्हैयालाल बोथरा व वीर अमित डागा ने शपथ ली। लोक कलाकार गोपाल बिस्सा व मार्कण्डेय रंगा ने राजस्थानी पारम्परिक व होली के गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में जोनल चेयरपर्सन वीरा सरोज मरोठी, गवर्निंग कांउसिल सदस्य वीर संतोष बांठिया, केंद्र अध्यक्ष वीर जयचंदलाल डागा, सचिव वीर हेमन्त कुमार सिंगी, जोनल सचिव एडवोकेट वीर कन्हैयालाल बोथरा, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वीर बच्छराज कोठारी, पूर्व अध्यक्ष वीर सुमित लाल बांठिया, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर डॉ. एम.जी. तिवाड़ी, पूर्व सचिव वीर डॉ. जे.एस. मेहता आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अनेक सदस्यों ने 1100 बेबी किट पात्र बच्चों के लिए देने की घोषणा की। समारोह में बीकाणा वीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा रेणु गुजरानी सहित अनेक सदस्याएं मौजूद थीं। कार्यक्रम में नए सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। स्नेहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा 20 फरवरी को गांव रामपुरा न्योला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। स्व. नानू



**जीव सेवा करते हुए**

देवी धर्मपत्नी स्व. जालुराम गोदारा की पुण्य स्मृति में गोदारा निवास पर आयोजित इस 12वें शिविर में मैत्री ब्लड बैंक सूरतगढ़ द्वारा 166 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मैत्री ब्लड बैंक की ओर से बृजेंद्र बिश्नोई और अक्षय ने रक्त संग्रहण किया। महिलाओं में रक्तदान के प्रति खासा उत्साह देखा गया। सचिव वीर राजेश वर्मा ने बताया कि संस्था सदस्यों ने शक्तिनगर में घर घर जाकर पुराने अखबारों के संग्रह अभियान के अंतर्गत 512 किलो अखबार एवं गत्ते आदि एकत्रित किए। केंद्र द्वारा 13 मार्च को चौपड़ा धर्मशाला में आयोजित 10 दिवसीय नि:शुल्क अर्श, भगन्दर शल्य चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर में कुल 188 रोगियों की जांच की गयी जिनमें से 79 रोगियों के ऑपरेशन करवाए गए। 1 फरवरी को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 40 एस.टी.जी. रंगमहल में प्रधानाध्यापक इन्दु बाला की उपस्थिति में जरूरतमंद विद्यार्थियों को जुते, जुराबें व गर्म टोपियां वितरित की गयी। अरोड़वंश सभा के पूर्व अध्यक्ष वीर सुनील नागपाल द्वारा अपनी पुत्री वनिषा रंगबुल्ला की 8वीं पुण्य तिथि पर केंद्र के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सूरतगढ़ में भर्ती रोगियों को फल व बिस्कुट वितरित किये गये। किशनपुरा आबादी में स्थित श्री शिव नंदी गौशाला में भर्ती गौवंश को करीब 30 क्विंटल हरा चारा खिलाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र
## कपडे वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र** द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर सनातन धर्म महिला बी.एड. महाविद्यालय मे कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश मोहता द्वारा कैंसर विरोधी अभियान के अन्तर्गत कैंसर की रोक थाम के लिए उपाय बताए गए। धर्म संघ संस्कृत महाविद्यालय मे भारतीय संस्कृति व संस्कृत का ज्ञान प्राप्त कर रहे 70 विद्यार्थियों व शिक्षकों को 70 धोती-कमीज, 70 कम्बल व जूराब भेंट किए गए। राजकीय




**कपडे वितरण करते हुए**

प्राथमिक विद्यालय 4G बडी (कालिया) मे 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते भेंट किए गए। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मटका चौक मे अपेक्स व सेफएक्सप्रेस के पवन जैन के सहयोग से गरिमा प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं व बालिकाओं मे शारीरिक स्वच्छता के बारे मे जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक महोदय के कर कमलों द्वारा 1100 सैनेटरी नैपकिन स्कूल की समस्त बालिकाओं के लिए भेंट किए गए। इस दौरान बालिकाओं को माहवारी व शारीरिक स्वच्छता से सम्बंधित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विभिन्न अवसरों पर सचिव वीर भानु प्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष वीर राजेश झूथरा, वीर अमरचन्द बोरड, वीर नरेश जैन, वीर दीपक जैन, वीर कमल कान्त कोचर, वीर चांदरतन गहलोत, वीर पवन गोयल, वीर अर्जुन देव वधवा, वीर राकेश गुप्ता, वीर डॉक्टर देवेन्द्र शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य नरेश शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी, शाला परिवार व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र एवं सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत ''झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो'' कार्यशाला का आयोजन 26 फरवरी को राजकीय बालिका



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

माध्यमिक विद्यालय खारीचारणान एवं राजकीय उच्चमाध्यमिक विद्यालय खारीचारणान में किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 110 सैनिटरी नैपकिन्स वितरित किये गए तथा राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय में 212 सैनिटरी नैपकिन्स वितरित किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती स्निग्धा श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि सचिव मनीषा कांतिवाल रही। संस्था से वीरा डॉ. आशु मलिक एवं अध्यक्षा वीरा रेणु गुजरानी ने छात्राओं को मासिक धर्म सम्बन्धित विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं विद्यालयों की छात्राओं को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें माहवारी विषय पर फिल्म भी दिखाई गयी। क्विज द्वारा माहवारी की जानकारी भी दी गयी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर केंद्र की वीराओं की गरिमामय उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सूरतगढ़
## पोषाहार वितरण

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र** सूरतगढ़ द्वारा



**पोषाहार वितरण**

यशोदा परियोजना के अंतर्गत 29 मार्च को आंगनवाड़ी गोद ली गई 13 गर्भवती बहनों को पोषण आहार दिया गया। यह प्रोजेक्ट निरंतर 15 दिनों से सुचारू रूप से चल रहा है इस बार का पोषाहार वीरा ममता, वीरा अनीशा नौलखा, वीरा प्रमिला सुराणा, वीरा लक्ष्मी जी के सौजन्य से दिया गया। पोषण आहार कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा अंजना सिंह, कोषाध्यक्ष वीरा सारिका वीरा नीतू बैद आदि शामिल थे तथा आंगनबाड़ी की संयोजिका चांदनी जी और ज्योति जी ने अपना सहयोग दिया।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र** द्वारा एक्यूप्रेशर महामंदिर सेंटर जोधपुर कुल मरीज 170 एवं एक्यूप्रेशर सोजती गेट सेंटर, जोधपुर कुल मरीज 130 दोनों सेंटर पर कुल 300 मरीजों को सेवा देकर राहत पहुंचाई गई। मथुरा दास माथुर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग में दो डायलिसिस मशीन भेंट की गयी थी जो किडनी मरीजों हेतु काम में ली जा रही हैं। फरवरी 2022 में 110 मरीजों को डायलिसिस का लाभ मिला। केंद्र द्वारा नदीम अहमद को एक लैपटॉप दिया गया, जिसकी कीमत रुपए 19000 अदा की गई। आगोलाई में एक सिलाई केंद्र का उदघाटन किया गया, जिसमें 6 सिलाई मशीनें लगाई गई, जिसकी कीमत रुपए 27500 आई। आर्थिक दृष्टि से कमजोर जरुरतमंद 4 परिवारों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री के किट वीर श्याम सा कुम्भट के सौजन्य से दिए गए तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर एक परिवार को 4000 रुपए की मदद की गई जिसमें मकान किराया, खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई। केंद्र द्वारा आश्रय स्थल पर नेकी की दीवार प्रोजेक्ट के माध्यम से बर्तन, पुराने कपड़े का वितरण जरूरतमंद को किया गया। केंद्र संरक्षक वीर श्याम सा कुम्भट के सौजन्य से गुलाब गौशाला में गायों हेतु एक निशान गाड़ी में सब्जी, चकुंदर, पालक, गोभी, गाजर भिजवाई गई और गायों को खिलाई गई। केंद्र द्वारा कोरोना पीड़ित मरीज को नि:शुल्क इलाज हेतु ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीनें तथा एक अनुबंध वृद्धाश्रम हेतु स्थाई रूप से दी गई। केंद्र द्वारा जरूरतमंद श्री विनोद सिंह की पत्नी के इलाज हेतु रुपए 10000 की मदद की गई। केंद्र द्वारा जीव दया का कार्य प्रति दिन किया जाता है। (कबूतरों को दाना, पानी के परिंडे, जानवरों हेतु पानी पीने की खेलीये, कुत्तों एवं उनके बच्चों हेतु दूध रोटी की व्यवस्था इत्यादि)

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र** द्वारा ताराबाई देसाई आफथल्मिक चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्री बृजमोहन अग्रवाल चन्द्रकला अग्रवाल तथा जिला अन्धता निवारण समिति के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद के नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंजेश श्रीवास्तव द्वारा 80 मरीजों की नेत्र जांच की गई उनमें से 43 मरीजों का लैन्स प्रत्यारोपण के लिए चयन कर ताराबाई देसाई नेत्र चिकित्सालय शास्त्रीनगर जोधपुर में डॉ. संजीव देसाई, डॉ. राजीव देसाई एवं देवांशी देसाई द्वारा नि:शुल्क आपरेशन किया जायगा। अन्य मरीजों को उचित परामर्श देकर आवश्यकतानुसार केंद्र के द्वारा दवाई वितरण की गई। केंद्र द्वारा बेबी किट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आज बेबी किट का वितरण किया गया। राजकीय उम्मेद अस्पताल में 50 नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया गया। इन विभिन्न अवसर पर अध्यक्ष वीर जे.एम. कुम्भट, सचिव वीरा सुधा गर्ग, वीर बी.एम. अग्रवाल, वीर अमीरचंद मंत्री, वीर सूर्य प्रकाश शर्मा, वीर गौरीशंकर, वीर दौलत सतपाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। केंद्र द्वारा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोज चौधरी का आभार व्यक्त किया गया।



**नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र शीतल जल मंदिर उद्घाटन

**महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र** द्वारा सरदार बाई-जवरीमल की पावन स्मृति में लक्ष्मीचंद, गौतम चंद कोठारी, चेन्नई वालों के सौजन्य से जन स्वास्थ्य चौराया पर एक भव्य शीतल जल मंदिर का उद्घाटन नगर सभापति, नगरपरिषद द्वारा करवाया गया।



**उद्घाटन समारोह**

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र, जोधपुर सैनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र** जोधपुर



**सैनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

एवं सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत ''झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय खोखरिया व राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय अजीत कॉलोनी जोधपुर में 200 सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। केंद्र का उद्देश्य सिर्फ सैनिटरी नैपकिन्स बांटना ही नहीं बल्कि महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। केंद्र द्वारा वीरा सुधा धारीवाल के सौजन्य से ओसवाल सिंह सभा धर्मपुरा गौशाला में 3500 किलो पौष्टिक स्वास्थवर्धक गाजर खिलाई गयी। इन विभिन्न अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा अलका भंडारी, सचिव वीरा अमिता जैन, वीरा चंद्रा जैन, वीरा शांता मेहता, वीरा चंद्रा मेहता, वीरा शर्मिला मेहता, वीरा सुषमा मेहता, वीरा जोशना भंडारी, वीरा रश्मि भार्गव, वीरा शीतल सुराणा, वीरा माया भंसाली आदि उपस्थित रही।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र** एवं सेफएक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत ''झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो'' कार्यशाला का आयोजन 25 फरवरी को एमबीसी गर्ल्स कॉलेज बाड़मेर में किया गया। सचिव वीर गौतम बोथरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में



**रोग परीक्षण कैम्प**

कॉलेज की 1340 बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन्स भेंट किए गए। इस कार्यशाला में कॉलेज प्राचार्य डॉ. हुकमा राम सुथार द्वारा बालिकाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया। इस गरिमा प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। केंद्र द्वारा के डी हॉस्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रोग परीक्षण मेडिकल कैम्प का आयोजन स्थानीय जैन भोजनशाला में किया गया। रोग परीक्षण कैम्प में लगभग 300 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें हड्डियों से सम्बंधित रोग, पेट से सम्बंधित रोग, दिमाग सम्बंधित रोग आदि बीमारियों का इलाज किया गया। इस अवसर पर के डी हॉस्पिटल की मैनेजमेंट टीम के डॉ. केतन शाह, डॉ. महेन्द्र देसाई एवं उनकी टीम ने परामर्श दिया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष वीर गौतम डूंगरवाल, जोन सचिव वीर बाबूलाल संकलेचा, नगर परिषद सभापति श्री दीपक माली, केंद्र अध्यक्ष वीर दिनेश भन्साली, सचिव वीर गौतम बोथरा, वीर रमेश धारीवाल, वीर पवन छाजेड़, वीर मांगीलाल गोठी, वीर बंशीधर छाजेड़, वीर जोगेंद्र बडेरा, वीर दिनेश बोहरा, वीर संजय बोथरा, वीर सोहन चोपड़ा, वीर चंद्रप्रकाश बोथरा, वीर छगन बोथरा, वीर नरेश सिंघवी पटुडा, वीर हरीश बोथरा, वीर प्रवीण सेठिया, वीर चंपालाल बोथरा, वीर ओमप्रकाश भंसाली, वीर मुकेश अमन, वीर भूरचंद संकलेचा, वीर भूरचंद डूंगरवाल, वीर मांगीलाल संकलेचा, वीर डॉ. गुलाब जी वडेरा, वीर रमेश सेठिया, वीर संपत लूनिया, वीर सोहन मेहता, वीर कपिल धारीवाल आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा श्रीमान उपखण्ड अधिकारी जी के सानिध्य में नसी देवी भूरचंद पारेख राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय पचपदरा एवं राजकीय सीनियर सेकेंडरी कन्या विद्यालय में 600 सैनिटरी नैपकिन वितरित किये गए। सुआदेवी भंसाली राजकीय सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय जसोल में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत जन चेतना एवं स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी के साथ सैनिटरी नैपकिन प्रदान किए गए। केंद्र का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. ललित के पंवार थे। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष




**शपथ ग्रहण समारोह**

वीर ओम प्रकाश बांठिया ने केंद्र अध्यक्ष वीर जवेरीलाल मेहता एवं टीम को शपथ दिलाते हुए सबकी सेवा-सबको प्यार लक्ष्य के अनुरूप निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में समर्पित होकर कार्य करने का एवं केंद्र को उतरोत्तर गति देने का आहवान किया। विशेष अतिथि ओसवाल समाज अध्यक्ष शांतिलाल डागा ने महावीर इंटरनेशनल को सेवा कार्यो में सहयोग का विश्वास दिलाया। समारोह में पूर्व चेयरमैन वीर डॉ. जी सी वडेरा, संरक्षक वीर पारसमल भंडारी ने महावीर इंटरनेशनल द्वारा गत 26 वर्षों में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। नवनिर्वाचित केंद्र अध्यक्ष वीर जवेरीलाल मेहता ने सब के सहयोग से कार्य करने का विश्वास दिलाया। पूर्व अध्यक्ष वीर पवन नाहटा ने नई टीम को बधाई दी। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. पवार, विशेष अतिथि

डागा, शपथग्रहण अधिकारी वीर बांठिया एवं दामोदर व्यास का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सदस्यों द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सचिव वीर रमेश त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

## जालौर-सिरोही संभाग

### महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर

**महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र** द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया। केंद्र अध्यक्ष वीर हेमताराम प्रजापत ने बताया की शिविर में दन्त व मुँह के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. टीना एस जैन चेन्नई, डॉ. गोवर्धन सिंह, नाक, कान व गला विशेषज्ञ डॉ. राघव शर्मा



चिकित्सा जांच शिविर

जोधपुर, नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध  शेखावत ने सेवा दी। उन्होंने कुल 227 मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की। इस शिविर में आहोर कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीण मरीजों ने उपचार करवाते हुए परामर्श लिया। गौरतलब है की उपखण्ड मुख्यालय पर इन रोगो के उपचार की सुविधा नहीं होने के कारण एवं चिकित्सालय में लंबे समय से रिक्त पड़े चिकित्सकों के पद के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। केंद्र ने आमजन की परेशानियों को देखते हुए चिकित्सा परामर्श शिविर के माध्यम से आवश्यक सुविधा मुहैया की। शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हमथानी, मेल नर्स बाबूलाल बावल, कैलाश वैष्णव व अस्पताल के नर्सिंग कर्मियों ने सेवाएं प्रदान की। इस दौरान रीजनल सचिव वीर विक्रम सिंह करनोत, वीर मुकेश राठी, कोषाध्यक्ष वीर विजय तिवारी, उपाध्यक्ष वीर राजेंद्र सिंह भाटी, सचिव वीर भरत कुमार शर्मा, वीर रमेश दवे, वीर दुर्गेश सुथार, वीर अशोक सुथार, वीर प्रमोद नामदेव, वीर भरत बाफना, वीर शांतिलाल जैन, वीर गजेंद्र माली, वीर पारस सुथार, वीर कुंदन सिंह व वीर ललित राठी आदि ने सेवाएं प्रदान की।

### महावीर इंटरनेशनल सुदर्शना वीरा केंद्र सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत "झिझक छोड़ो,



सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

चुप्पी तोड़ो, खुल के बोलो" अभियान के तहत वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूरोड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीरा डॉक्टर नीलू सिंगला ने छात्राओं को बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया हैं जिसकी अनियमितता से कई बीमारियां उत्पन्न होती हैं, इस समय स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक हैं। छात्राओं की शंकाओं का निवारण भी किया गया। तदुपरांत छात्राओं को 300 सैनिटरी नैपकिन्स वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र की अध्यक्ष वीरा मीना सिंघल, सचिव वीरा नीता सक्सेना, सदस्य वीरा मधु गर्ग, वीरा आनंदी परसरामपुरिया, वीरा मंजू सिंघल आदि वीरायें उपस्थित रही।

## रीजन-7

## भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र** द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के सौजन्य से नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर मिर्जापुर स्थित सेवायतन भवन पर आयोजित किया गया।




स्वास्थ्य शिविर आयोजन

जिसमें कुल 326 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। मरीजों का ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज की जांच पैथोलॉजिस्ट विनेश त्रिपाठी एवं श्री श्याम बाबू द्वारा की गई। आयोजित नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर में 75 लोगों की नेत्र जांच कर नि:शुल्क चश्में एवं 251 लोगों का सामान्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का

वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन विदिशा हॉस्पिटल के डॉ. संजय खरे थे एवं विशिष्ट अतिथि महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर डॉक्टर शांतिलाल पीतलिया एवं दिल्ली केंद्र से पधारे श्री कौशलेंद्र कुमार थे। अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात केंद्र अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय खरे द्वारा शिविर की भूरी भूरी प्रशंसा कर ग्रामीण क्षेत्र में लगाए गए शिविर में हर संभव सहायता एवं मदद का आश्वासन दिया गया। शिविर में नेत्र रोगियों की जांच डॉ. स्मिता बागरेचा द्वारा एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री अतुल जैन द्वारा रोगियों को चश्मे के नंबर उपलब्ध कराए गए। डॉक्टर के सी बागरेचा जी, डॉ. कुशाग्र दीक्षित जी, डॉ. अनिल जैन एवं डॉ. सुमित जैन द्वारा सामान्य मरीजों का परीक्षण किया गया एवं उनको नि:शुल्क दवाइयां दी गई। नाक कान एवं गला रोग से सम्बंधित रोगियों का परीक्षण प्रसिद्ध ENT सर्जन डॉ. प्रणय भंडारी द्वारा किया गया। महिलाओं से सम्बंधित बीमार रोगियों की जांच जानी-मानी गायनोकॉलोजिस्ट डॉक्टर रूपिका गर्व द्वारा की गई। हड्डी एवं जोड़ से सम्बंधित मरीजों की जांच डॉक्टर सचिन गर्ग द्वारा, चर्म रोग एवं स्क्रीन से सम्बंधित बीमारियों का परीक्षण डॉ. शुभांग जैन द्वारा किया गया। बच्चों एवं नवजात शिशुओं का परीक्षण डॉ. निधि भंडारी प्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन महावीर इंटरनेशनल केंद्र विदिशा के सचिव वीर जी एस चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्र विदिशा के वीर डॉ. शांतिलाल पीतलिया, डॉ. के सी बागरेचा, डॉ. अनिल जैन, डॉ. सचिन गर्ग, डॉ. सुमित जैन, डॉ. सुधीर जैन, बासौदा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन, विक्रम जैन, चंद्रकांत जैन, अतुल शाह आई लेंस, इंजी. अवनेश जैन, दिनेश बाजपेई, राजेश जैन, प्रदीप जैन सह कोषाध्यक्ष वीर सुनील जैन, प्रसिद्ध मेडिकल व्यवसाई प्रकाश भंडारी, डॉ. बी सी ओसवाल जी, आदेश जैन जी, प्रसिद्ध समाजसेवी सी एल गोयल, सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार केंद्र के सह कोषाध्यक्ष इंजीनियर सुनील जैन द्वारा किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र
## भोजन सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र** द्वारा सचिव वीरा जूली राका के सौजन्य से उनके ससुर श्री भारत चंद राका एवं कंचन



**भोजन सेवा कार्यक्रम**

देवी रांका के विवाह की 50वीं वर्षगांठ पर प्रथम दिवस निशक्त छात्रावास में भोजन, दूसरे दिन मातोश्री वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन एवं तीसरे दिन जिला चिकित्सालय में मरीजों को अंकुरित आहार वितरित किया गया। केंद्र को जिला चिकित्सालय द्वारा रक्त क्रांति मोटिवेशनल कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु सम्मानित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा ग्वालियर केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा केंद्र** ग्वालियर द्वारा 31 मार्च को कमला राजा हॉस्पिटल में 70 हाईजैनिक बेबी किट का वितरण किया गया। माताओं को टीका सम्बंधी जानकारी स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी गई। वूमेन डे के उपलक्ष्य में बहोड़ापुर स्थित कुष्ठ आश्रम में 80 भोजन के डिब्बों का वितरण किया गया और साथ ही गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत आश्रम में रहने वाली महिलाओं को



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

30 पैकेट (1 पैकेट ऑफ 4 पीस) सैनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान केंद्र चेयरपर्सन वीरा शिल्पा मेहता, वीरा साधना मेहता, वीरा पुष्पा कोठारी, वीरा रेनी कोठारी, वीरा नीता भरुचा आदि वीरायें उपस्थित रही।

# इन्दौर-उज्जैन संभाग

## महावीर इंटरनेशनल इन्दौर केंद्र
## सैनिटरी नैपकिन्स वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल इन्दौर केंद्र** द्वारा गुलावट और पलासिया गांव में किशोर उम्र



**सैनिटरी नैपकिन्स वितरित करते हुए**

और गांव की महिलाओं को कुल 55 सेनेटरी पैड वितरित किए। इस अवसर पर वीरा रेणु पुराणिक, वीरा मधुलिका शर्मा, वीरा बिंदु दुग्गर, वीरा किरण खंडेलवाल, वीरा अनीता टोंगिया, वीरा दीपा किमती, वीरा नीलम नाहर उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल केंद्र उज्जैन होली के उपलक्ष्य पर मिलन समारोह

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** एवं महावीर इंटरनेशनल वीरा उज्जैन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में होली के उपलक्ष पर मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें



होली मिलन समारोह

अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रार्थना बोलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी ने होली के उपलक्ष में शुभकामनायें दी। अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन ने अपने सम्बोधन में देश भर में किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा कहा कि हर सदस्य को अपना दायित्व समझते हुये संस्था में 24 घंटे कार्य करने का लक्ष्य लेकर तथा टारगेट लेकर चलना होगा, एक मिशन लेकर चलना होगा, समाज में क्या जरूरत हैं इसको लक्षित करना होगा नाकि परंपरागत सहयोग के कार्य करे कुछ नए कार्य हाथ में ले, ये भी देखे कि सामने वाले को जरूरत भी हैं या नहीं सिर्फ कार्य करना ही ये न सोचे, आपके कार्य से समाज को कुछ मिले ये सोच रख कर नए प्रोजेक्ट हाथ में लेवें। आपने केंद्र द्वारा देवास गेट बस स्टैंड पर संचालित भोजनशाला का निरीक्षण भी किया और कहा कि इस सेवा की दूर दूर तक चर्चा होनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी हो ऐसा लक्ष्य बनावें। स्वागत भाषण अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर वीर अशोक भंडारी ने दिया तथा केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथि का सम्मान पगड़ी पहना कर तथा शाल पहनाकर किया गया, इस अवसर पर मोमेंटो प्रदान किया गया तथा वीराओं द्वारा साहित्य भेट किया गया। अतिथि का परिचय एवं कार्यक्रम संचालन केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील जैन दोशी ने किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष वीर राजेंद्र हिंगड़, पूर्व जोन अध्यक्ष वीर राजेंद्र सिरोलिया, वीर प्रकाश सेठिया, सचिव वीर संजय जैन, उपाध्यक्ष वीर मनोहर सिंह मेहता, कोषाध्यक्ष वीर गोविंद तोतला, जनसंपर्क अधिकारी वीर रमणलाल सोनी, पूर्व अध्यक्ष वीर श्रेणिक लूणावत, वीर भागमल जैन, वीर सतीश जैन, वीर दिलीप जैन, वीर अशोक चौहान, वीर मनोज जैन, महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र की संस्थापक चेयरपर्सन वीरा उर्मिला भंडारी, उपाध्याक्ष वीरा कांता बाठिया, सचिव वीरा प्रमिला कटारिया, वीरा प्रेमलता सिरोलिया, वीरा लक्ष्मी दोशी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र शपथ ग्रहण एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नागदा केंद्र** के शपथ ग्रहण एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कार्यक्रम 21 मार्च को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम



शपथ ग्रहण एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान कार्यक्रम

में अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक (ग्रामीण केंद्र विकास) वीर अशोक भंडारी, जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र हिंगड़ आदि पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उन्होंने कोरोना काल में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मवीरों का सम्मान किया तथा अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव ने नवीन कार्यकारणी को शपथ दिलाई साथ ही प्रेरक मार्गदर्शन के साथ-साथ महावीर इंटरेनशनल का परिचय एवं कार्यविधि का वर्णन किया।

# रतलाम-नीमच संभाग

## महावीर इंटरनेशनल नीमच केंद्र रक्तदान शिविर संपन्न

**महावीर इंटरनेशनल नीमच केंद्र** एवं अखिल भारतीय महिला क्षत्रिय महासभा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 यूनिट रक्तदान रक्तदाताओं द्वारा किया गया सभी रक्तदाताओं का माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया शिविर के लाभार्थी केंद्र अध्यक्ष वीर प्रदीप बोडावत व जोन कोर्डिनेटर वीरा आशा सांभर व क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह चन्द्रावत के सानिध्य दीपिका सिंह जी डोडिया के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले भगवान महावीर स्वामी की



रक्तदान शिविर कार्यक्रम

तस्वीर पर माल्यार्पण कर णमोकार महामंत्र वीरा रेखा जैन व वीरा मंजु मेहता द्वारा प्रस्तुत किया गया उसके बाद 'भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार हो', प्रार्थना वीरा आशा सांभर व वीरा रानी राणा द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों का मोती की माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया स्वागत भाषण वीरा आशा सांभर द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित उमराव सिंह गुर्जर, राजकुमार अहीर, पवन पाटीदार, सत्यनारायण गोयल, तरूण बाहेती, मुकेश कालरा, ओम् शर्मा, रोशन वर्मा, सूरज जी गुर्जर छोटी सादड़ी, क्षत्रिय महासभा चित्रा परिहार, अमन चौहान आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र निःशुल्क हृदय रोग उपचार शिविर

**महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र** द्वारा ऋषि



**हृदय रोग उपचार शिविर**

सुनील कुमार मित्तल व अनिल गार्लिक के सौजन्य से नि:शुल्क हृदय रोग उपचार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश जैन (इंटरनेशनल कार्डियोलॉजिस्ट, उदयपुर) द्वारा 55 रोगियों का शिविर में परीक्षण किया गया।

# रीजन-8

## औरगांबाद-अहमदनगर संभाग

### महावीर इन्टरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इन्टरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र** औरंगाबाद द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए। स्थानीय जिला परिषद प्राथमिक पाठशाला माऊलीनगर में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं एवं लड़कियों मे शारीरिक स्वच्छता के बारे मे जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र की PRO वीरा दर्शना फूलफगर ने महिलाओं मे शारीरिक स्वच्छता कैसे रखें इस पर जानकारी दी और बताया कि महिलाओं मे शारीरिक स्वच्छता रखने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता हैं इसके बाद उन सभी को 55 सेनेटरी नैपकिन भेंट किए गए। केंद्र द्वारा सरकारी स्कूल में पानी का स्टोरेज कम होने के कारण केंद्र द्वारा स्कूल को 2 ड्रम भेंट किये गए। साथ ही महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को वीराओं द्वारा थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों की माताओ के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उनका सम्मान करने का निश्चय किया गया। BHMS एवं MS साइकोलॉजी गोल्ड मेडलिस्ट दीपिका भंडारी द्वारा थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की माताओं को खुश रहने व स्ट्रांग रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। दीपिका भंडारी द्वारा "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो" के तहत वह उपस्थित महिलाओं को हाइजीन



**जल व्यवस्था हेतु ड्रम भेंट करते हुए**

के बारे में समझाया और केंद्र की तरफ से सभी को सैनेटरी नैपकिन्स वितरित किये गए। सभी को अल्पाहार प्रदान कर महिला दिवस मनाया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र की चेयरपर्सन वीरा संगीता ओसवाल, सचिव वीरा दीपिका बडजाते, कोषाध्यक्ष वीरा जयश्री मंडलेचा, वाइस चेयरपर्सन वीरा जयश्री गुजराणी, वीरा शैला संकलेचा, वीरा रंजू जैन, वीरा वन्दना संचेती एवं प्रवक्ता वीरा दीपिका भंडारी भी उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल वीरा अहमदनगर केंद्र महिला दिवस पर सम्मान

**महावीर इंटरनेशनल वीरा अहमदनगर केंद्र** द्वारा 8 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मनीष गुगले संचालित महावीर हास्य



**सैनेटरी नैपकिन का वितरण**

अहिल्या हास्यक्लब की कुल 166 महिलाओं का सम्मान किया गया तथा उन्हें सैनिटरी नैपकिन्स प्रदान किये गए। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा सुरेखा धनराज संचेती, सेक्रेटरी वीरा वैशाली शेटिया, वीरा सुरेखा पारख, वीरा इंद्रकला चौपड़ा, वीरा निर्मल बाफना, वीरा सुनीता कर्नावट, वीरा वर्षा बाफना उपस्थित रही।

## गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनैशनल सूरत केंद्र मोतियाबिंद परीक्षण तथा चश्मा वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनैशनल सूरत केंद्र** द्वारा 4 मार्च को रिंग रोड स्थित राधाकृष्णा टेक्सटाइल मार्केट परिसर में नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद परीक्षण तथा चश्मा वितरण के कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में 460 जरूरतमंद लोगों की जांच की गयी। शिविर का उद्घाटन सेरोस शिपिंग लिमिटेड के डायरेक्टर श्री महेंद्र गंग, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपती भंसाली, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर सुरेंद्र मरोठी, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर संदीप डांगी, वीर मुकेश जैन, वीर सुरेश गांधी, केंद्र के पूर्व अध्यक्ष वीर डॉक्टर रोशन बाफना,



**नेत्र शिविर कार्यक्रम**

केंद्र अध्यक्ष वीर राकेश श्रीमाल, उपाध्यक्ष वीर संजय जैन, वीर दिनेश जैन, सचिव वीर हस्तीमल बाँठिया, कोषाध्यक्ष वीर राजेश मालु, संयुक्त सचिव आकाश मादरेचा, वीर शांतिलाल डांगी, वीर यशवंत सुराना, वीर सूरतसिंह उदावत, वीर राकेश डांगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सचिव वीर हस्तीमल बाँठिया द्वारा श्री महेंद्र जी गंग का कैम्प के लिए आर्थिक अनुदान तथा डॉक्टर महेंद्र चौहान तथा उनकी टीम का चिकित्सीय सहायता के लिए आभार प्रकट किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल भरुच केंद्र पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम




पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल भरुच केंद्र** द्वारा कचरा संग्रहण परियोजना का शुभारंभ किया गया। केंद्र द्वारा पर्यावरण सुरक्षा हेतु पौधे तथा बैग उपहार के रूप में प्रदान किये गए।

### महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र
### क्रिकेट श्रृंखला का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र** द्वारा वृहद स्तर पर क्रिकेट श्रृंखला का आयोजन किया गया। क्रिकेट श्रृंखला के समापन अवसर पर सूरत स्थित सभी केंद्रों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की तथा खेल का आनंद लिया गया।



क्रिकेट श्रृंखला का आयोजन

## मुंबई संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र रक्तदान व नेत्र जांच शिविर

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर नि:शुल्क रक्तदान शिविर व नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर 2 बार आयोजित किया गया जिसमे 688 यूनिट एकत्रित की गयी। तथा नेत्र जांच शिविर में 294 विद्यार्थियों व 204 मरीजों की आंखों की जांच की गयी।




रक्तदान शिविर

## रीजन-9

## छत्तीसगढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेन केंद्र
### सामान्य जांच शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेन केंद्र** द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र के सौजन्य से एवं महावीर इंटरनेशनल त्रिशला केंद्र के सहयोग से छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति गरिमा गृह आश्रय, सरोना रायपुर में 10 मार्च को ट्रांसजेंडर के लिए नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य जांच- 85, डेंटल



सामान्य जांच शिविर

चेकअप- 28, त्वचा- 25, एंडोक्रिनोलॉजी- 38, आंखों की जांच- 28, बीपी- 71, ईसीजी- 02, रक्त शर्करा- 71, एचबी- 33, कुल ओपीडी- 204, चश्मा वितरित: 17 व नि:शुल्क दवाएं वितरित की गयी। इस अवसर पर जोन चेयरमैन वीर डॉ निरंजन हरितवाल, केंद्र अध्यक्ष वीर प्रकाश गोलछा, सचिव वीर मनोज बोथरा, कोषाध्यक्ष वीर पीयूष डागा, वीर अशोक अग्रवाल, त्रिशला केंद्र की चेयरपर्सन वीरा इंदु लोढा, वीरा लीला श्रीमाल, वीरा रंजना श्रीमाल, वीरा सुधा सेठिया, वीरा सुलोचना काला, दिल्ली से ट्रान्सजेंडर की राष्ट्रीय सचिव सिमरन एवं महावीर इंटरनेशनल के चंद्रमा भक्ता आदि उपस्थित रहे।

## महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र** द्वारा जनपद पंचायत परसवाड़ा के मुख्यकार्यपालन



नेत्र शिविर कार्यक्रम

अधिकारी के नेतृत्व में समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में एक दिवसीय जन सुनवाई का शिविर लगाया गया व टिकरिया ग्राम के ग्रामीणों की समस्या से रुबरु किया गया। समस्त विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्या सुनकर टिकरिया ग्राम का भ्रमण कर त्वरित निराकरण करने ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। शिविर में ग्राम टिकरिया के ग्रामीणों को गर्म कपड़े, महिलाओ को साड़ी, बच्चों की ड्रेस, बुजर्गो को कपड़े एवं जूते चप्पल वितरित किये गए। केंद्र द्वारा 14 मार्च को लामता के सहयोग से नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 109 मरीजों का पंजीयन हुआ, जिसमें से 42 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए। कुछ मरीजों की बीपी व शुगर की जांच की गयी। इन विभिन्न अवसरों पर वीर डॉ. ओम तंबोली, वीर सुशील कोचर, वीर डी. एल. हिरंदवार, वीर अभिषेक गुप्ता, वीर राजू यादव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ कृषि विस्तार अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग का दल, महिला बाल विकास अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, पशुचिकित्सक, वन विभाग, विधुत विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र महिला विकास कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र** द्वारा ग्रामीण बस्तियों और गांवों में महिलाओं की माहवारी समस्या तथा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण प्राकृतिक शारीरिक गतिविधि के



महिला विकास कार्यक्रम

विषय में जानकारी देकर सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा 16 फरवरी को ग्राम पंचायत आवा रविदास आश्रम में संत शिरोमणि रविदास भगवान की जयंती पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य शिविर एवं मोतियाबिंद शिविर शिक्षा जागृति व महिला सशक्तिकरण के लिए आह्वान किया गया। इस अवसर पर केंद्र के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बैहर केंद्र नेत्र शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बैहर केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान



नेत्र शिविर कार्यक्रम

बिरसा ब्लाक में नेत्र रोग एवं मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 मरीजों की जांच की गई जिसमें से 26 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया। इस अवसर शिविर में बिरसा में वीर संजय जायसवाल, शिविर प्रभारी वीर राजु यादव, नेत्र डॉक्टर भिमटे, देव नेत्रालय से डॉक्टर वीर सरताज सिद्की आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल किरनापुर केंद्र नेत्र रोग जांच शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल किरनापुर केंद्र** द्वारा गायत्री मंदिर किरनापुर में मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 मरीजों की जांच की गई जिसमें से 36 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए उनमे से 18 मरीज को ऑपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया। केंद्र द्वारा स्व दिलीप भटेरे महाविद्यालय



नेत्र शिविर कार्यक्रम

किरनापुर में विशाल स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण एंव नेत्र रोग जांच एवं चश्मा दवा वितरण शिविर तथा सेनेटरी एंव साड़ी वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डाक्टर वेदप्रकाश लिलहारे एम बी एस, फिजिशियन डॉक्टर जयप्रकाश सुनेरी, देव जी नेत्रालय जबलपुर के डाक्टर अतुल कुशवाहा, शिविर प्रभारी राजू यादव द्वारा सेवाए प्रदान की जिसमें 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 85 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किये गए। जिन्हे ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा। 97 मरीजों को चश्में व दवाई वितरित की गयी। 300 सेनेटरी नैपकिन तथा पंजिकृत महिलाओं को 200 साडी वितरित किए गयी। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश चित्रिव, सचिव वीर कमलेश कनौजे, शिविर प्रभारी वीर राजु यादव, देवजी नेत्रालय से डाक्टर अतुल कुशवाहा, भुते गुरू, कछवाह तथा संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मलाजखंड केंद्र नेत्र रोग जांच शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मलाजखंड केंद्र** द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य दमोह व बिरसा स्वास्थ्य



**नेत्र शिविर कार्यक्रम**

केंद्र में मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 113 मरीजों की नेत्र की जांच की गयी जिसमें से 60 मरीज मोतियाबिंद चिन्हित किए गए। 33 मरीजों को ऑपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर व सावली केंद्र
### नेत्र शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर व महावीर इंटरनेशनल सावली केंद्र** द्वारा 20 फरवरी को सावली में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कुल रोगियों की जांच 550 और नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित



**नेत्र शिविर कार्यक्रम**

143 किये गए। जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 140 मरीजों को चश्में प्रदान किये गए।

### महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर वीरा केंद्र
### नेत्र शिविर कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर वीरा केंद्र** द्वारा नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 55 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। 25 मरीज मोतियाबिंद के चयनित किये गए।



**नेत्र शिविर कार्यक्रम**

# रीजन-10



**स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम**

## आंध्रप्रदेश ओडिशा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल विशाखापत्तनम लेडीज केंद्र
### स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल विशाखापत्तनम लेडीज केंद्र** द्वारा गर्भाशय हटाने के ऑपरेशन के लिए संघर्ष कर रही एक विकलांग महिला को परीक्षण, स्कैनिंग और दवाओं के लिए 15000/- रुपये की आर्थिक मदद की गयी।

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र
### विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया



**गौमाता को चारा खिलते हुए**

गया। शिविरों में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सिकीय टीम ने 1863 मरीजों की आंखों की जांच की जिनमें से 216 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही 934 मरीजों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे, 887 मरीजों की रक्त चाप व मधुमेह की जांच भी की गई। 180 लोगों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। केंद्र द्वारा साधार्मिक परिवार, हनिशा विकाश मेहता, स्वर्गीय शा सोहनराजजी की यादगार में प्रमोद कुमारजी, प्रदीप कुमारजी छाजेड़ परिवार के सहयोग से पिंजरापोल गौशाला, ओटेरी में 2000 गौमाताओं को पालक वितरण किया गया। साथ ही केंद्र द्वारा आई कैम्प का प्रचार करने वाले बालाजी की बहन की शादी हेतु "कन्या दान" योजना के तहत सचिव वीर दिलीप मेहता द्वारा संस्था की तरफ से रु. 21000 प्रदान किये गए। इन विभिन्न अवसरों पर वीर रतनजी रांका, चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, शिविर डायरेक्टर वीर प्रकाश लोढ़ा, वीर नरेश खीचा, वीर दिलीप जैन, वीर प्रकाश गुलेछा आदि का सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र नेत्र जांच शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनैशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इन शिविरों में एम एन आई हॉस्पिटल की चिकित्सिकीय टीम ने 281 लोगों की आंखों की जांच की जिनमें से 22 मरीजों



नेत्र शिविर आयोजन

की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनकी सर्जरी करवाई जायगी। साथ ही जांच में आंखें कमजोर पायी जाने के कारण 126 मरीजों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे। इसके अलावा 131 मरीजों की मधुमेह व रक्त चाप की जांच की गयी। जरूरतमंद मरीजों को श्रवण यंत्र, पैन बाम, पैन स्प्रे, कूलपेक, वृद्धों को कमर पट्टा व घुटने के मौजें, वृद्धजनों को सहारे की लकड़ी व पैन जेल दिए गए। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र अध्यक्ष वीर फतेहचंद समदडीया, सचिव वीर निरंजन सोलंकी, वीर प्रकाश गुलेछा, वीर बसन्त बरडिया, वीर किशनलाल खाबिया आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र नेत्र शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र** द्वारा 6 मार्च को चेन्नापुरी अन्नदान समाजम, पार्कटाऊन चेन्नई में 40 अनाथ बच्चों को दोपहर का खाना खिलाया गया। जिसमे वाईस चेयरमैन वीर अशोक कोठारी, सचिव वीर रमेश नाहटा, सलाहकार वीर ज्ञानचंद कोठारी, कोषाध्यक्ष वीर बुधप्रकाश डोसी और कार्यकारिणी सदस्य वीर पवन कुमार लोढ़ा द्वारा खाना खिलाया गया। साथ ही केंद्र द्वारा महावीर इन्टरनेशनल चेन्नई मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में श्री गौतमचंदजी मनीषकुमारजी मुथा परिवार के सहयोग से AMKM जैन स्थानक नॉर्थ टाउन में नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया, उसमे अग्रवाल नेत्रालय की टीम ने शिविर में 68 मरीजों की आंखों की



नेत्र शिविर आयोजन

जांच की गई। 52 मरीजों की आंखें कमजोर पाई गई उनको चश्में बनाकर दिये जायेंगे। 3 मरीजो का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया जायेगा। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो के चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी तथा नार्थ टाउन के चेयरमैन वीर गौतमचंद मुथा, सचिव वीर रमेश नाहटा, कोषाध्यक्ष वीर बुधप्रकाश डोसी, वीर नितिन सिसोदिया, वीर महावीर सबदडा, वीर अनिल मेहता, वीर इन्दरचंद नाहर, वीर शांतिलाल चौधरी, वीर पवन लोढ़ा ने सेवाएं प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल लेडीज एमिनेंट सर्विसेज टू सोसाइटी चेन्नई केंद्र बालदान शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लेडीज एमिनेंट सर्विसेज टू सोसाइटी चेन्नई केंद्र** द्वारा कैंसर मरीजों के लिए बालदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रिया मेहता (उम्र 35 साल) ने 12 इंच बाल का दान किया, कषवि (उम्र 7 साल) ने 10 इंच बाल का दान किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा सुनीता खारीवाल, सचिव वीरा सपना बोहरा, वीरा ललिता गोलेछा उपस्थित रही।



बाल दान करते हुए

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा विभिन्न कार्यक्रम विभिन्न तिथियों पर किये गए हैं। केंद्र द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्यक्रम किये गए हैं। जिसमे महिलाओं को मास्क बनाना, साड़ी पिक्को करना, ब्लाउज बनाने जैसी चीजे सिखाई गयी। केंद्र द्वारा कोटि मंदिर के सुल्तान बाजार में 'रिलीव हंगर प्रोग्राम' के तहत अन्नदान प्रसादम की गतिविधि का आयोजन किया गया। जहां लगभग 150 जरूरतमंदों को नमकीन के साथ मीठा भोजन परोसा गया। केंद्र द्वारा बेबी किट वितरण समिति के तहत मुशीराबाद गांधी अस्पताल में 80 बेबी किट वितरित किये गए। विकलांगो के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




दिवायंगों के लिए उपकरण वितरण शिविर

डाक पंजीयन संख्या: जयपुर सिटी/403/2020-22 महावीर प्रवाह 28 मार्च 2022 (मासिक पत्रिका) RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में


महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के होली मिलन समारोह में बोले अंतरराष्ट्रीय महासचिव अनिल जैन


महावीर इंटरनेशनल यूथ का प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन 'जोश 2022' का सफल आयोजन


महावीर इंटरनेशनल द्वारा महासाध्वी मीना महाराज की दीक्षा जयंती पर जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग वितरित


DIGITAL प्रवासी संदेश

महावीर इंटरनेशनल युथ का प्रथम राष्ट्रीय युवा अधिवेशन जोश 2022 का सफल आयोजन


गरिमा प्रोजेक्ट के तहत कार्यक्रम का आयोजन


सुराणा परिवार को नेत्रदान के लिए दृष्टि दाता सम्मान प्रदान किया


लोकतेज

महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन द्वारा आईपीएल-3 क्रिकेट श्रृंखला का समापन


महिलाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं, बस इरादे बुलंद होने चाहिए

झिझक छोड़ो- चुप्पी तोड़ो- खुल कर बोलो


शिविर में हुआ रोगियों का निशुल्क इलाज


बेबी किट का वितरण किया


जीवन को सार्थक करने अपने कार्य से कुछ अतिरिक्त भी करते रहें : त्रिपाठी


आरकेटी में नेत्रजांच शिविर आयोजित

स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक महेन्द्र कुमार चौपड़ा द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**